वंशीधर मिश्र[६] ने इस विषय को अनुमान प्रमाण से स्पष्ट किया। गो घटादि स्थूल और इन्द्रियग्राह्य तो हैं ही, अतः ये कदापि भिन्न तत्त्व के रूप में ग्राह्य नहीं है। तत्त्वकौमुदी के टीकाकार शिवनारायण शास्त्री[७] ने भी उपर्युक्त विषय पर विचार प्रकट करते हुए विज्ञानभिक्षु की सहायता ली है। विज्ञानभिक्षु ने "योगवार्त्तिक"[८] में तत्त्वान्तर परिणाम लक्षण किया है 'तत्त्वत्वं च द्रव्यत्वं' अर्थात् तत्त्व ही द्रव्य है, अर्थात् अपने उपादान कारण में न रहने वाली द्रव्यत्त्व की जो साक्षात् व्याप्य जाति है, उससे युक्त होना ही तत्त्वान्तर होना है। इस लक्षण के आधार पर गो घटादि में पूर्णतया घटित हो जाता है, तब तो गो आदि तत्त्वान्तर हैं अन्यथा नहीं। जिस प्रकार अहंकार के उपादानकारण महत् में न रहने वाली द्रव्यत्व की साक्षाद् व्याप्य जो अहंकार आदि जाति है उस जाति से अहंकार युक्त है, अतः वह महत् का तत्त्वान्तर है। परन्तु गौ आदि के उपादान पृथिवी आदि में तत्त्व की साक्षाद्व्याप्य पृथिवीत्व जाति नहीं होना चाहिए, परन्तु पृथिवी में पृथिवीतत्त्वादि जाति होने के कारण गौ आदि पृथिवी आदि के तत्त्वान्तर नहीं। इस प्रकार तत्त्वत्व का पर्यवसान पृथिव्यादि ५ भूतों तक ही है न कि गो घटादि पर्यन्त। साथ ही गौ घटादि को तत्त्व संज्ञा तभी दी जा सकती है, जब पृथिवी आदि भूतों में प्रकृतित्व हो, अर्थात् जिस प्रकार शब्दस्पर्शादि पृथिवी आदि की प्रकृति हैं, अतः पृथिवी आदि भूत तत्त्व कहे जाते हैं, उसी प्रकार यदि पृथिवी आदि भूतों के प्रकृतित्व का प्रश्न है **"तत्त्वान्तरोपादकत्वं प्रकृतित्वं"** अर्थात् अन्य तत्त्व का तत्त्वान्तर को उत्पन्न करना ही प्रकृतित्व है। अतः जो तत्त्व अन्य तत्त्वों को उत्पन्न करता है, वही प्रकृति है और आकाशादि से वे सूक्ष्म भी हैं। सूक्ष्म होने से वे स्थूल भूतों की प्रकृति कहे जा सकते हैं, परन्तु स्थूलता और सूक्ष्मता के आधार पर पृथिवी को प्रकृति नहीं कह सकते, क्योंकि स्थूलता और सूक्ष्मता के आधार पर पृथिवी को प्रकृति नहीं कह सकते, क्योंकि स्थूलता और इन्द्रियग्राह्यता भूतों और उनके गौ घटादि परिणामों के समान हैं। अतः यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि भूतादि और गौ आदि में कौन किसका कारण है, कारणत्व के निश्चय

५. सांख्य प्रवचन भाष्य, पृष्ठ ४५
६. सांख्यतत्त्वविभाकर, पृष्ठ ९३, कारिका ३
७. सारबोधिनी, पृष्ठ ९२, कारिका ३
८. योगवार्तिक पृष्ठ २०९. सूत्र २/१९

के अभाव में पृथिवी में प्रकृतित्व को अवधारण नहीं हो सकती, इस प्रकार गो, घटादि को तत्त्वरूप में ग्रहण नहीं किया जा सकता। युक्तिदीपिकार[9] ने इस तथ्य को भिन्न प्रकार से स्पष्ट किया है पृथिव्यादि भूतों से तत्त्वान्तर की उत्पत्ति सर्वथा असम्भव है। ग्राहकान्तर का अभाव होने से अर्थात् जिस प्रकार तन्मात्राओं से उत्पन्न महाभूतों को ग्रहण करने वाला इन्द्रिय रूप तत्त्व अहंकार से उत्पन्न होता है, इस प्रकार पृथिवी आदि महाभूतों के विकार घटादि का अन्य कोई ग्राहक नहीं। अतः ग्राहकान्तर के अभाव में घटादि को तत्त्वान्तर मानना उपयुक्त नहीं। अतः पृथिव्यादि विकार ही हैं और इन्हीं में तत्त्वसंख्या का पर्यवसान होता है। इस प्रकार २५ ही तत्त्व होते हैं।

सांख्य दार्शनिकों के समान योग दार्शनिक भी मुख्य दो तत्त्व ही स्वीकार करते हैं और प्रकृति के अवान्तर परिणामों को सम्मिलित करके कुल पच्चीस परन्तु योगियों ने एक अन्य ईश्वर को भी स्वीकार किया, यद्यपि उनका ईश्वर पुरुष का एक प्रकार ही है।[10] अतः उसे एक अन्य तत्त्व के रूप में मानना उचित नहीं। हाँ, उसे पुरुषविशेष कह सकते हैं। योगसूत्रकार पतंजलि ने इन सभी तत्त्वों का उद्देश्य नहीं किया, परन्तु द्वितीय पाद के १९ सूत्र में उन्होंने गुणों के सभी परिणामों का मुख्य चार रूपों में विभाजन किया है विशेष, अविशेष, लिंगमात्र और अलिंग। इनके अतिरिक्त पुरुष या चितिशक्ति एक अन्य तत्त्व ही है। योगसूत्रों के विविध भाष्यकारों ने यह स्पष्ट कर दिया कि ५ महाभूत, ५ तन्मात्र अविशेषों के विशेष हैं। ५ बुद्धीन्द्रियाँ, ५ कर्मेन्द्रियाँ मन और ५ तन्मात्र अविशेष हैं और अस्मिता लिंगमात्र है। प्रधान या मूल प्रकृति अलिंग है। इस प्रकार इन चारों गुणपर्वों के अन्तर्गत २४ तत्त्वों का अन्तर्भाव हो जाता है। महाभारत के अनुशासन पर्व में भी कई स्थलों में सांख्ययोग दर्शनों के पंचविंशति तत्त्वों का उल्लेख हुआ है।

**सहायक ग्रन्थ सूची–**


| | | |
|---|---|---|
| १. सांख्य सूत्र | आचार्य कपिल | भारतीय विद्या प्रकाशन |
| २. सांख्यकारिका | गौडपाद | चौखम्भा सीरीज, वाराणसी |
| ३. सांख्यतत्त्वकौमुदीप्रभा | डॉ. आद्याप्रसाद मिश्र | अक्षयवट प्रकाशन, इलाहाबाद |
| ४. योगसूत्र | पतंजलि | गीताप्रेस गोखरपुर |
| ५. योगसूत्र | व्याख्याकार– डॉ. सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव | संवित् प्रकाशन इलाहाबाद |
| ६. भारतीय दर्शन का सर्वेक्षण | डॉ. संगम लाल पाण्डेय | सेन्ट्रल पब्लिशिंग हाउस, इलाहाबाद |
| ७. भारतीय दर्शन | डॉ. राधाकृष्णन् | |
| ८. भारतीय दर्शन | डॉ. नन्दकिशोर देवराज | उत्तरप्रदेश हिन्दी संस्कृत संस्थान, लखनऊ |



**–जे०आर०एफ० डी.फिल**
**इलाहाबाद विश्वविद्यालय**
**इलाहाबाद– उत्तर प्रदेश**


९. युक्तिदीपिका, पृष्ठ २९

१०. क्लेशकर्म विषाकाशयैरपरामुष्टः पुरुषविशेषः ईश्वरः– योगसूत्र १/२४

# संस्कृति संरक्षण में अभिवादन पद्धति की धर्मशास्त्रीय प्रासङ्गिकता

-डॉ. सारुल तिवारी

**१. संस्कृत** - संस्कृत शब्द कोई सामान्य अर्थ का बोधक नहीं है अपितु वह शब्द है जिसने संसार को अलौकिक ज्ञानराशि प्रदान की। संस्कृत ही वह अलौकिक दिव्यता से परिपूर्ण शब्द है जिसमें वेद, वेदाङ्ग, ब्राह्मणग्रन्थ, शास्त्र, पुराण, दर्शन, धर्मशास्त्र, चिकित्साशास्त्र, विमानशास्त्र, चरकसंहिता, अर्थशास्त्र, आयुर्वेद जैसे महान ज्ञानराशि सम्पन्न ग्रन्थों का प्रणयन हुआ। देवभाषा होने के कारण इसकी प्राचीनता का अनुमान ज्ञात हो जाता है ।

**संस्कृतं नाम देवीवागान्वाख्याता महर्षिभिः।**[१]

विद्वानों का एक वर्ग कहता है कि संस्कृत शब्द पाणिनि व्याकरण की परम्परा से प्रारम्भ हुआ, तात्पर्य यह है कि पाणिनि व्याकरण से पूर्व यद्यपि संस्कृत शब्द का अस्तित्व था, लेकिन इससे पहले 'वैदिक संस्कृत' के रूप में संस्कृत शब्द को जाना जाता है। तत्पश्चात् वही संस्कृत शब्द 'लौकिक संस्कृत' के रूप में व्यवस्थित हुआ। इस प्रकार आज भी संस्कृत अपने वैदिक संस्कृत और लौकिक संस्कृत के रूप में विद्यमान है। पाणिनि व्याकरण के अनुसार संस्कृत शब्द की उत्पत्ति "सम उपसर्ग पूर्वक कृ धातु के साथ क्त प्रत्यय" से सिद्ध होती है। इस प्रकार संस्कृत शब्द का हिन्दी अर्थ होता है - शुद्ध, परिष्कृत, परिमार्जित, संस्कारित, शिष्ट पवित्र आदि। संस्कृत की विलक्षणता यह भी है कि आज भी विश्व में  भाषा और विषय के रूप में इसका अध्यापन किया जाता है ।

**२. संस्कृति** - संस्कृत भाषा में 'सम उपसर्ग पूर्वक कृ धातु से क्त प्रत्यय' एवं भाव अर्थ में ल्युट् प्रत्यय करने पर संस्कृत शब्द एवं क्तिन् प्रत्यय के योग से संस्कृति शब्द निष्पन्न होता है इस व्युत्पत्ति की दृष्टि से 'संस्कृति' शब्द 'परिष्कृत कार्य' अथवा 'उत्तम स्थिति' का बोध कराता है। किन्तु इस शब्द का तात्पर्यार्थ अत्यन्त व्यापक है। वस्तुतः यह शब्द मनुष्य की सहज प्रवृत्तियों, नैसर्गिक शक्तियों और उनके परिष्कार का द्योतक है। प्रत्येक देश के मनुष्यों के आचार-विचार में भिन्नता होती है और निरन्तर परिष्कार की दृष्टि भी भिन्न होती है। इस प्रकार संस्कृति शब्द से पृथ्वी के किसी भी विशिष्ट भूखण्ड की मानसिकता क्षमता एवं प्रगति का एक दीर्घकालीन इतिहास प्रकट होता है। व्यक्ति के मन शरीर तथा आत्मा से सम्बन्ध नैसर्गिक शक्तियां संस्कृति से ही परिवर्धित और परिष्कृत होती है अर्थात् प्रकृति प्रदत्त शक्तियों का सामूहिक विकास और परिष्कार संस्कृति का मूल आधार है। 'सत्यं शिवं सुन्दरम्' की अभिलाषा एवं संरक्षण ही संस्कृति का प्राणतत्त्व है। यही कारण है कि किसी भी मनुष्य के सुव्यवस्थित, उदात्त एवं शोभा सम्पन्न आचरण के कारण हम उसे सुसंस्कृत मानव कहते हैं। मन और आत्मा की तृप्ति के लिए मनुष्य जो विकास या उन्नति करता है वह समग्र रूप से संस्कृति के अन्तर्गत आता है। अतः स्पष्ट है कि मानसिक उन्नति के क्षेत्र में मानव की प्रत्येक 'सम्यक् कृति' ही संस्कृति है ।

---

१. काव्यदर्श १-३

**३. संस्कृत और संस्कृति का सम्बन्ध –**

**"भारतस्य प्रतिष्ठे द्वे संस्कृतं संस्कृतिस्तथा"**

इस वाक्य से विदित होता है कि भारत की प्रतिष्ठा संस्कृत और संस्कृति इन्ही दोनों में निहित है । अन्यत्र भी कहा गया है – "संस्कृति संस्कृताश्रिता" अर्थात् भारतीय संस्कृति संस्कृत भाषा संग्रथित प्राचीन संस्कृत ग्रन्थों में संरक्षित हुई आज भी विश्वमानव कल्याण के लिए पथ प्रदर्शिका है। संस्कृत ही संस्कृति का मूल है अतएव पद्मश्री आचार्य कपिलदेव द्विवेदी ने कहा है –

**संस्कृतं संस्कृतेर्मूलं ज्ञान-विज्ञान वारिधिः ।**
**वेदतत्त्वार्थसंजुष्टं लोकाऽऽलोककरं शिवम् ॥** [२]

भारत की संस्कृति विश्व की समस्त संस्कृतियों के लिए मार्गदर्शिका है। इस संस्कृति में यह विशेषता है, जो नित्य प्रतिदिन नवीन होती हुई समस्त संस्कृतियों को परिपोषित करती हुई उन्हें मातृत्व आह्लाद प्रदान करती है। भारत की सनातन संस्कृति न केवल भारतीयों को एकजुट रखने में सामर्थशालिनी है अपितु इस सार्वभौम संस्कृति में संसार के सभी राष्ट्रों को एकसूत्र में बांधने का परम तत्त्व भी समाया हुआ है ।

**सत्याहिंसागुणैः श्रेष्ठा विश्वबंधुत्वशिक्षिका ।**
**विश्वशान्ति सुखा धात्री भारतीया हि संस्कृतिः॥**[३]

**अयं निजः परोवेति गणना लघुचेतसाम् ।**
**उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम् ।**[४]

**मातृवत् परदारेषु परद्रव्येषु च लोष्ठवत् ।**
**आत्मवत् सर्वभूतेषु यः पश्यति सः पण्डितः॥**[५]

**यत्र भवेत् विश्वमेकनीड़म् ।** [६]

**कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन ।** [७]

**सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः ।**
**सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःखभाग्भवेत् ॥** [८]

**सं गच्छध्वं सं वदध्वं सं वो मनांसि जानताम् ।**
**देवा भागं यथापूर्वे सं जानानामुपासते ॥** [९]

---

२. आचार्य कपिलदेव द्विवेदी
३. आचार्य कपिलदेव द्विवेदी
४. हितोपदेश १.६९
५. चाणयक्य नीति
६. य.वे. ३२/८
७. श्रीमद्‌भगवदगीता अ.२/४७
८. शान्ति पाठ (उपनिषद्)
९. ऋगवेद १०/१९१-२

**समानो मंत्रः समितिः समानी समानं मनः सहचित्तमेषाम् ।**
**समानं मन्त्रमभिमन्त्रये वः समानेन वो हविषा जुहोमि ॥** [१०]

एवं बहुविध भारतीय संस्कृति परिचायिका उक्तियाँ संस्कृतग्रन्थों में ही विद्यमान हैं । इस प्रकार भारतीय संस्कृति आत्मसन्तुष्ट, आध्यात्मनिष्ट, लोककल्याण भावना से समन्वित, आचार-विचार-व्यवहार नैतिक-सामाजिक कल्याण भावना से समन्वित इस संस्कृति की परम्परा अत्यन्त समृद्ध है ।

**एतद्देश प्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः ।**
**स्वं स्वं चरित्रे शिक्षरेन् पृथिव्यां सर्वमानवाः ॥**

भारतीय संस्कृति के कारण ही भारतभूमि को पुण्यभूमि कहा जाता है ।

**गायन्ति देवाः किल गीतकानि धन्यास्तु ते भारतभूमि भागे ।**
**स्वर्गापवर्गास्पदमार्गभूते भवन्ति भूयः पुरुषः सुरत्वात् ॥**

संस्कृत के बारे में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पण्डित जवाहर लाल नेहरू ने अपनी पुस्तक 'डिस्कवरी ऑफ इण्डिया' में लिखा है कि -

**"यदि कोई मुझसे पूछता है कि भारत के पास बहुमूल्य खजाना क्या है? और इसके पास सबसे बडी धरोहर क्या है? तो मैं बेहिचक कह सकता हूँ कि वह खजाना संस्कृत भाषा और उसमें निहित समस्त वांगमय है" ।**

इस लेख के माध्यम से संस्कृति संरक्षण में अभिवादन पद्धति की धर्मशास्त्रीय प्रासङ्गिकता पर विचार करेंगे।

**अभिवादन** - अभिवादन भारतीय संस्कृति में शिष्टाचार का एक महत्त्वपूर्ण अङ्ग है। जिसने अभिवादन का व्रत ले लिया विनयशीलता एवं श्रद्धा का भाव उसमें स्वतः प्रविष्ट हो गया। शास्त्रों में उत्तम कर्म को संस्कार कहा जाता है। अतः अभिवादन का संस्कार सदाचार, शिष्टाचार प्रदान कराने वाला होता है। शब्द कल्प द्रुम में अभिवादन की परिभाषा दी गई है ।

**अभिमुखी करणाय वादनं ( नामोच्चारणपूर्वकं नमस्कारः ) अभिवादनम् ।** [१४]

नाम उच्चारण पूर्वक जो नमस्कारात्मक क्रिया की जाती है उसे अभिवादन कहते हैं। पाणिनि के धातु पाठ में पठित **वदि अभिवादन स्तुत्योः** धातु की व्याख्या में सिद्धान्त कौमुदी की बालमनोरमा टीका में कहा गया है -कि आशीर्वाद के कारण-भूत जो व्यापार प्रणाम (नमस्कार, चरण वन्दना) आदि क्रिया वह अभिवादन कहलाती है -

---

१०. ऋ.वे. १०/१९१-३
११. मनुस्मृति २/२०
१२. विष्णु पुराण
१३. डिस्कवरी ऑफ इण्डियन (प.ज.ला. नेहरु)
१४. शब्दकल्पद्रुम

**अभिवादन आशीर्वाद तत्कारण भूतो व्यापार प्रणामादिरभिवादनम् ।** [१५]

**अभिवादन के प्रकार** – कर शिर संयोगादि व्यापार रूप क्रिया से सम्बद्ध कायिक नमस्कार **( अभिवादन )** कहलाता है वाणी के द्वारा नमस्कारात्मक शब्दों का प्रयोग करके अभिवादन करना वाचिक नमस्कार **( अभिवादन )** कहलाता है। मन के द्वारा जो अभिवादन किया जाता है वह मानसिक अभिवादन कहलाता है। जिनकी सामीप्य सुलभ नहीं उनके प्रति अपनी श्रद्धा, कृतज्ञता आदि का ज्ञापन उनका स्मरण मानसिक रूप से करना ही मानसिक अभिवादन होता है । साष्टांग प्रणाम की व्यवस्था भी धर्मशास्त्रों में प्राप्त होती है –

**जानुभ्यां च तथा पद्भ्यां पाणिश्यामुरसा धिया ।**
**शिरसा वचसा दृष्टया प्रणामोऽष्टाङ्ग ईरितः ॥**

अभिवादन के लिए आदर सूचक शब्दों में नमस्ते शब्द का प्रयोग भी किया जाता है नमस्ते का साधारण अर्थ सत्कार या सम्मान भी होता है। वेदों में अनेकों बार इस शब्द का प्रयोग हुआ है–

**दिव्य देव नमस्तु अस्तु।** [१६]
**नमस्ते भगवन्नस्तु।** [१७]

किसी के स्वागत में अपने आसन को छोड़कर उठने को **'प्रत्युत्थान'** कहा जाता है। किसी को प्रणाम करना **'अभिवादन'** कहा जाता है। **'उपसंग्रहण'** में अपना नाम एवं गोत्र मैं प्रणाम करता हूँ कहकर बोला जाता है । उस समय अपने कानों को छूकर प्रणम्य के पैरों को छू लिया जाता है एवं सिर को झुका लिया जाता है **'प्रत्यभिवाद'** में प्रणाम का उत्तर दिया जाता है **'नमस्कार'** में नमः के साथ सिर झुकाना होता है । अभिवादन के तीन प्रकार शास्त्रों में प्राप्त होते हैं।

१. नित्य – प्रतिदिन के लिए आवश्यक।
२. नैमित्तिक – विशिष्ट अवसरों पर ही करने योग्य।
३. काम्य – किसी विशिष्ट काम या अभिलाषा से प्रेरित होने पर किया जाने वाला।

**वर्णक्रम से अभिवादन की विधि** –

ब्राह्मण को अपनी दाहिनी बाहु कान के सीधे में फैलाकर, क्षत्रिय को छाती तक, वैश्य को कमर तक तथा शूद्र को पैरों तक फैलाकर अभिवादन करना चाहिए और दोनों हाथ जुड़े होने चाहिए।

**दक्षिणं बाहुं श्रोतसमं प्रसार्य ब्राह्मणोऽभिवादयीतोरस्समं ।**
**राजन्यो मध्यसमं वैश्योनीधैश्शुद्रः प्राञ्जलिः ॥** [१८]

वर्णक्रम से अभिवादन की इस प्रकार की विधि उल्लिखित करने का यह कारण भी हो सकता है –

---

१५. बालमनोरमा
१६. अथर्ववेद. २/२/१
१७. य.वे ३६/२१
१८. आ. धर्मसूत्र १.२.५.१६

**ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद् बाहू राजन्यः कृतः ।**
**उरू तदस्य यद्वैश्यः पद्भ्यां शूद्रोऽजायत ॥**[१९]

अर्थात् ब्राह्मण की उत्पत्ति मुख से बतायी गयी है ब्राह्मण ही वेदों का अध्येता, अध्यापयिता माना गया है, तथा श्रवणेन्द्रिय द्वारा वेदों का श्रवण करता है उसे प्रत्येक समय अपने कर्तव्यों का बोध रहे। क्षत्रिय की उत्पत्ति बाहू से मानी गई है सम्पूर्ण समाज की रक्षा का दायित्त्व क्षत्रिय के कन्धों पर होता है, उसके बाहू हमेशा मजबूत रहे, अपने कर्तव्य का पालन प्रतिक्षण क्षत्रिय को ज्ञात रहे। वैश्य की उत्पत्ति उरु से बताई गई है सम्पूर्ण समाज के कारण पोषण का दायित्व, सम्पूर्ण अर्थव्यस्था का पोषक वैश्य को माना जाता है। अतः वैश्य को अपने इस दायित्व का हमेशा बोध रहे। शूद्र की उत्पत्ति पैरों से मानी गई है पूर्वोत्तर तीनों वर्ण शूद्र के उपर निर्भर रहते हैं, तीनों वर्णों की सेवा-शुश्रूषा का ज्ञान शूद्र को प्रतिक्षण याद रहे। इस प्रकार से प्रत्येक वर्ण को अपने-अपने कर्तव्य का बोध विधिवत् विदित हो, इसी कारण इस प्रकार की अभिवादन विधि का वर्णन आपस्तम्ब धर्मसूत्र में किया गया है।

**गुरु के प्रति अभिवादन -**

ब्रह्मचारी के लिए गुरु के प्रति श्रद्धा और भक्ति रखना, उनकी आज्ञा का पालन करना तथा मन वाणी से शुद्ध रहना परम आवश्यक माना गया है, क्योंकि इसके बिना वह अपने कर्तव्यों का निर्वाह नहीं कर सकता।

**नित्य अभिवादन -**

विद्यार्थी को प्रतिदिन रात्रि के अन्तिम प्रहर में उठना चाहिए और गुरु के सन्निकट खड़े होकर कहना चाहिए कि - यह मैं -------------- प्रणाम करता हूँ । उसे अन्य गुरुजनों एवं विद्वान् ब्रह्माणों को प्रातः भोजन के पूर्व प्रणाम करना चाहिए -

**"सदा महानतमपरशत्रमुत्ताय गुरोतिष्ठन्प्रा**
**तरभिवादनमभिवादयीताऽसावहं भो इति"।**[२०]

**नैमित्तिक अभिवादन** - नैमित्तिक अभिवादन कभी-कभी होता है। यथा किसी यात्रा के उपरान्त, लम्बी आयु को प्रणाम कर सकता है ।

**"समानग्रामे च वसतामन्येषामपि वृद्धतराणां प्राक्प्रातराशात् ।**
**प्रोष्य च समागमे। स्वर्गमायुश्चेप्सन् "।**[२१]

**गुरु से भिन्न व्यक्तियों का सम्मान -**

कुछ लोगों का सम्मान केवल आसन से उठ जाने में हो जाता है, और अभिवादन की आवश्यकता नहीं पड़ती। ८० वर्ष या उससे अधिक वर्ष के शूद्र का सम्मान उच्चवर्ग की छोटी अवस्था वाले लोगों द्वारा होना चाहिए । लम्बी अवस्था वाले शूद्रों द्वारा उच्च वर्ग के लोगों (आर्यो) का सम्मान आसन से उठकर होना चाहिए । ब्राह्मण यदि वेदज्ञ न हो तो उसे आसन प्रदान करना चाहिए, किन्तु उठना नहीं चाहिए, किन्तु यदि ऐसा व्यक्ति लम्बी अवस्था का हो तो उसका अभिवादन करना चाहिए । -

१९. ऋ.वे १०/९०/१२
२०. आ.ध.सू. १.२.५,१२

**ब्राह्मणायऽनधीयानायासन मुदकमन्नमिति देयं न प्रत्युत्तिष्ठेत ।**

**अभिवादनायैवो तिष्ठेदभिवाद्यश्चेत्।**[२२]

**प्रत्याभिवादन विधि –**

प्रणाम पाने पर गुरु या कोई अन्य व्यक्ति जो प्रत्युत्तर देता है या जो आशीर्वचन कहता है उसे ही प्रत्याभिवाद कहा जाता है। आपस्तम्ब धर्मसूत्र में कहा है– प्रथम तीन वर्णों के अभिवादन के प्रत्युत्तर में अभिवादन कर्ता के नाम का अन्तिम अक्षर तीन मात्रा तक (प्लुत) बढ़ा दिया जाता है –

**प्लावनं च नाम्नोऽभिवादन प्रत्यभिवादने च पूर्वेषां वर्णानाम् ।**

**गुरुपत्नि व अन्य स्त्रियों के प्रति अभिवादन सम्बन्धी नियम –**

आपस्तम्ब धर्मसूत्र के अनुसार शिष्य अपने गुरु की पत्नि के साथ वैसा ही व्यवहार करेगा जैसा कि गुरु के साथ करता है किन्तु न तो उसके पैर छुएगा और न उसका उच्छिष्ट भोजन करेगा –

**अन्यत्रोपसङ्गहणादुच्छिष्टाशनाच्चाऽऽचार्यवदाचार्य दारेवृत्तिः।**[२४]

अन्यत्र भी कहा गया है कि

**गुरुपत्नी तु युवतीनाभिवाद्येह पादयोः।**
**कुर्वीत वन्दनं भूम्यामसावहमिति चाब्रुवन् ॥**[२५]

महर्षि मनु ने भी इसकी पुष्टी की है कि मौसी, मामी, सास और बुआ ये गुरुपत्नि के समान पूज्य हैं। अतः इनका आदर और अभिवादन होना चाहिए –

**मातृष्वसा मातुलानि श्वश्रूश्चाथ पितृष्वसा ।**
**समपूज्या गुरुपत्नीव समास्ता गुरुभार्यया ॥**

**गुरु की पत्नि के अतिरिक्त अन्य स्त्रियों** के विषय में कहा गया है कि विवाहित स्त्रियों को उनके पतियों की अवस्था के अनुसार अभिवादन करना चाहिए – "पतिवयसः स्त्रियः ।" बराबर अवस्था वाली को बहन एवं बेटी समझना चाहिए।

**गुरु पुत्र के प्रति अभिवादन –**

आपस्तम्ब धर्मसूत्र के अनुसार शिष्य गुरुपुत्र के प्रति वही व्यवहार करेगा जो गुरु के साथ किया जाता है किन्तु गुरुपुत्र के पैर नहीं छुएगा और न उसका उच्छिष्ट भोजन करेगा –

**उच्छिष्टा शनवर्जमाचार्यवदाचार्य पुत्रे वृत्तिः।**

**उपसहाध्यायी के प्रति अभिवादन –**

गुरुपुत्र के प्रति व्यवहारवत् अपने उपसहाध्यायी के प्रति भी व्यवहार करना चाहिए जो विद्या और

---

२२. आ.ध.सू. २.२.४,१७–१८
२३. आ.ध.सू. १.२.५.१७
२४. आ.ध.सू. १.२.७.२७
२५. मनुस्मृति एवं कर्मपुराण
२६. आ,ध.सू. १.२.७.३०

ब्रह्मचर्य में अपने से श्रेष्ठ हो – **वृद्धतरे च सब्रह्मचारिणि ।**[२७]

**समादिष्ट के प्रति अभिवादन –**

आपस्तम्ब धर्मसूत्र के अनुसार प्राचीन काल में समादिष्ट (शिष्याध्यापक) की परिपाटी थी और गुरु के कहने पर जो अन्य व्यक्ति अध्यापन कार्य करता था उसको गुरु के समान ही सम्मान मिलता था –

**समादिष्टेऽध्यापयति ।**

**समादिष्टमध्यापयन्ते यावदध्ययनमुपसंगृहणीयात्।**[२८]

यदि वह व्यक्ति योग्य हो तो सदैव उसके चरण का उपसंग्रहण करना चाहिए –**नित्यमर्हन्तमित्येके।**[२९]

**अन्य व्यक्तियों से मिलने पर अभिवादन सम्बन्धी नियम –**

इस विषय में आपस्तम्ब धर्मसूत्र में कहा गया है किसी ब्राह्मण से भेंट होने पर 'कुशल' शब्द से स्वास्थ्य के विषय में पूछना चाहिए । इसी प्रकार से क्षत्रिय से 'अनामय' वैश्य से 'क्षेम' एवं शूद्र से 'आरोग्य' शब्द कहकर व्यवहार करना चाहिए । जो समान या छोटी अवस्था का हो उससे 'कुशल' मात्र पूछना चाहिए –

**कुशलमवरवयसं वयस्यं वा पृच्छेत् ।**

**अनामयं क्षत्रियम् । अनष्टं वैश्यम् आरोग्यं शूद्रम्।**[३०]

**मार्ग में चलते समय अभिवादन –**

ब्रह्मचारी को मार्ग में जाते समय यदि श्रोत्रिय ब्राह्मण मिले तो उससे सम्भाषण किये बिना आगे नहीं बढ़ना चाहिए । इसी प्रकार वन में किसी स्त्री को अकेली देखकर उससे सम्भाषण किये बिना आगे नहीं बढ़ना चाहिए –

**नाऽसम्भाष्य श्रोत्रियं व्यतिव्रजेत। अरण्ये च स्त्रियम्।**[३१]

**किस स्थिति में अभिवादन नहीं करना चाहिए –**

जूता पहने सिर बांधे (पगड़ी आदि से) दोनों हाथ फंसे रहने पर, सिर पर समिधा रखे रहने पर, हाथ में पुष्प–पात्र या भोजन लिए रहने पर अभिवादन नहीं करना चाहिए –

**न सोपानद्वष्टितशिरा अवहितपाणिर्वाभिवदयीत ।**[३२]

और न पितरों को श्राद्ध करते समय, अग्नि तथा देवता कि पूजा करते समय तथा जब स्वयं गुरु ऐसे कार्यों में लगे हो तब अभिवादन नहीं करना चाहिए। ऊँचे या नीचे स्थान पर स्थित किसी ऐसे व्यक्ति का अभिवादन नहीं करना चाहिए जो गुरु नहीं है –

**विषयमगतायाऽगुरवे नाभिवाद्यम् ।**[३३]

---

२७. आ.ध.सू. १.२.७.२९
२८. आ.ध.सू. १.४.१३.१२
२९. आ.ध.सू. १.३.१३.१३
३०. आ.ध.सू. १.४.१३.२३–२६
३१. आ.ध.सू.१.४.१४.२७–२८
३२. आ.ध.सू. १.४.१४.१९
३३. आ.ध.सू. १.४.१४.१९

अपवित्र होने पर अभिवादन न करें। अपवित्र व्यक्ति को प्रणाम न करें। और न स्वयं अपवित्र होने पर किसी के अभिवादन का उत्तर दें –

**अप्रयतेन नाभिवाद्यं तथाऽप्रतायाऽप्रयतश्च न प्रत्यभिवदेत्।**[३४]

स्त्रियों का वैश्यों तथा क्षत्रियों को अभिवादन करते समय अपने लिए सर्वनाम का प्रयोग करना चाहिए तथा नाम का उच्चारण करके अभिवादन न करें।

**सर्वनाम्ना स्त्रियो राजन्यवैश्यौ न नम्ना।**[३५]

दूर स्थित जल के बीच दौड़ते हुए धनोन्मत्त, क्रोधयुक्त, नशे से पागल व्यक्ति को प्रणाम नहीं करना चाहिए –

**दूरस्थं जलमध्यस्थं धावन्तं धनगर्वितम् ।**
**क्रोधवन्तं मदोन्मत्तं नमस्कारोऽपि वर्जयेत् ॥**[३६]

पूजा की तैयारी करते हुए तथा पूजादि नित्य कर्म करते समय ब्राह्मण को प्रणाम नहीं करना चाहिए । अपने समवर्ण एवं जाति एवं बान्धवों में ज्ञानवृद्ध तथा वयोवृद्ध द्वारा प्रणाम स्वीकार नहीं करना चाहिए, इससे अपनी हानी होती है–

**समित्पुष्प कुशाग्न्यम्बुमृदन्नाक्ष तपाणिकः ।**
**जपं होमं च कुर्वाणो नाभिवाद्यो द्विजो भवेत् ॥**

**धर्मशास्त्रीय अभिवादन पद्धति की प्रासङि्कता –**

वर्तमान समय में अधिकांश भारतीयों पर पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव दृष्टिगोचर हो रहा है । अंग्रेज महाप्रभुओं द्वारा जिस शिक्षा पद्धति का प्रचलन हुआ उस शिक्षा पद्धति के कारण ही आज का व्यक्ति जो अपने जीवन का अधिकांश भाग शिक्षा ग्रहण करने में व्यतीत कर देता है वहां पर अंग्रेजी संस्कृति का प्रभाव उसके व्यक्तित्व पर पड़ता है इसी कारण वह अपने मूल से परिचित नहीं हो पाता क्योंकि आज के अधिकांश माता–पिता भी पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव के कारण भी नियुक्ति प्रदान कराने वाली शिक्षा पर बल देते हैं अतः जो 'सा विद्या या विमुक्तये' के लिए थी, जिससे भौतिक और आध्यात्मिक दोनों उद्देश्यों की पूर्ति होती थी। आज कहीं न कहीं 'सा शिक्षा या नियुक्तये' के रूप में परिवर्तित हो गई है जिससे भौतिक पक्ष तो अत्यन्त उन्नति करता है किन्तु आध्यात्मिक पक्ष का विकास नहीं हो पाता। इस कारण हमारी पुरातन भारतीय संस्कृति पर कुठाराघात होता है। आज के समय में बच्चों में हाय मेम–बाय मेम, गुड मार्निंग–गुड नाइट वाली पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव दृष्टिगोचर होता है। अगर अनुपात में देखा जाए तो ऐसी संख्या अधिक नहीं है आज भी अधिकांशतया भारतीय कितना भी आधुनिक क्यों न बन जाएं वे अपने मूल को अपनी संस्कृति को नहीं छोड़ते हैं क्योंकि संस्कार तो हमें विरासत में मिलते हैं। राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता देश की सबसे बड़ी शक्ति है अभिवादन की उचित पद्धति अपनाने से समाज में तात्कालिक एवं दूरगामी प्रभाव पडता है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हमें करोनाकाल में देखने को मिला जब पाश्चात्य देशों के सशक्त व्यक्तियों को भारत की अभिवादन पद्धति को सहर्ष अपनाते हुए देखा गया ।

३४. आ.ध.सू. १.४.१.१७
३५. आ.ध.सू. १.४.१४.२०
३६. म.सू. २/२०२

**निष्कर्ष** – निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि अभिवादन भारतीय संस्कृति का मौलिक संस्कार है। प्रायः अन्य धर्मों या देशों में अभिवादन को केवल शिष्टाचार के रूप में माना गया किन्तु भारतीय धर्मशास्त्रीय ग्रन्थों में धर्मानुष्ठान के रूप में स्वीकार किया गया है। भारतीय संस्कृति के कारण ही भारत हमेशा से सदाचार, अध्यात्म चेतना और संस्कृति का आकर्षण केन्द्र रहा है। भारतीय संस्कृति में अभिवादन पद्धति के द्वारा ही व्यक्ति के व्यक्तित्व का दर्शन हो जाता है इसलिए अभिवादन पद्धति को महत्त्व दिया गया है। अभिवादन को श्रद्धा एवं आत्मीयता का प्रतीक भी माना जाता है। हमारी संस्कृति में मानवातिरिक्त जड़ जंगम तथा जीव भी समादरणीय हैं। वृक्ष, नदी, सरोवर आदि को देवताओं की भाँति पूजा जाता है। वस्तुतः अभिवादन स्थूल शरीर का न होकर अन्तर आत्माओं में विद्यमान परमपितापरमेश्वर का किया जाता है। शास्त्रों में प्रतिदिन गुरुजनों माता–पिता आदि का अभिवादन नित्यकर्म माना गया है।

**उत्थाय मातापितरौ पूर्वमेवाभिवादयेत् ।**
**आचार्यश्च ततो नित्यमभिवाद्यो विजानता॥**[३७]

इस प्रकार नित्य अभिवादन करने से आयु, विद्या, यश और बल की वृद्धि होती है। महर्षि मनु के अनुसार –

**अभिवादन शीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः।**
**चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशोबलम् ॥**[३८]

इस बात की पुष्टी स्कन्द पुराण से भी होती है –

**अभिवादन शीलस्य वृद्धसेवारतस्य च ।**
**आयुर्यशोबलं बुद्धिर्वर्धतेऽहरहोऽधिकम् ॥**[३९]

इसी प्रकार गुरु की सेवा करता हुआ ब्रह्मचारी गुरु में रहने वाली विद्या को उसी प्रकार प्राप्त कर लेता है जिस प्रकार फावड़े से खोदता हुआ मनुष्य जल को प्राप्त कर लेता है। –

**यथा खन्ननित्रेण नरोवर्याधिगच्छति ।**
**तथा गुरुगतां विद्यां शुश्रूषरधिगच्छति ॥**[४०]

उपर्युक्त विवेचन में हमें अपने संततियों को धर्मशास्त्रीय अभिवादन पद्धति का संस्कार अवश्य प्रदान करना चाहिए। क्योंकि इसके माध्यम से प्रेम, सोहार्द, आदरभाव, विनयादि दिव्यगुणों की प्राप्ति होती है। जो हमें तेजस्वी व दैदीप्यमान बनाती है। तथा परलोक गमन पर भी हमें यश व कीर्ति सम्पन्न रखती है।

**–प्रशिक्षित स्नातक संस्कृत–शिक्षिका,**
**राजकीय सर्वोदय कन्या विद्यालय,**
**आनन्द विहार (दिल्ली)**

---

३७. आचारेन्दु पृ. २२
३८. (म. स्मृति) २/१२१
३९. (स्क.पु.)
४०. म. स्मृति २/२१२

# संस्कृत छन्द शिक्षण हेतु छात्रों एवं शिक्षकों के लिए वेब आधारित सहायक तंत्र का विकास

- रवि कुमार मीणा

**सारांश-**

संस्कृत साहित्य का सबसे प्राचीनतम ग्रन्थ वेद है। वेद के छः अंगों में एक छन्दशास्त्र जिसे वेदों का पाद कहा गया है। छन्द संस्कृत वांग्मय में सामन्यतया लय को बताने के लिये प्रयोग किया गया है। छन्दों की रचना और गुण-अवगुण के अध्ययन को छन्दशास्त्र कहते हैं। क्योंकि, आचार्य पिङ्गल द्वारा रचित छन्दः शास्त्र सबसे प्राचीन उपलब्ध ग्रन्थ है अतः इस शास्त्र को पिङ्गलशास्त्र भी कहा जाता है। वैदिक एवं लौकिक, छन्दों के मुख्य रूप से दो भेद हैं। सूचना प्रौद्योगिकी के इस नए युग में पारम्परिक शिक्षण की जगह ई-शिक्षण ले रहे हैं। सूचना प्रौद्योगिकी आज शक्ति एवं विकास का प्रतीक बनी है। कंप्यूटर युग के संचार साधनों में सूचना प्रौद्योगिकी के आगमन से हम सूचनाएं समाज को वेब के माध्यम से किसी भी समय देने में समर्थ हैं। इस शोध का मुख्य उद्देश्य ऑनलाइन शिक्षण एवं छात्रों तथा शिक्षकों को सशक्त बनाने हेतु संस्कृत छन्द के लिये एक वेब आधारित प्रणाली का विकास करना है। जिसके माध्यम से संस्कृत ही नहीं कोई भी छन्द सीखने का इच्छुक वेब की सहायता से छन्द सीखने में समर्थ होगा। वर्तमान में यह प्रणाली दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित एम.ए तथा बी.ए के पाठ्यक्रमों के लिए अनुमोदित पाठ्यपुस्तकों में प्रयुक्त लैकिक छन्द के लिए ही विकसित की गई है। उपयोगकर्ता छन्द का नाम टाइप करके या सूची से चुनकर छन्दों को सीख सकता है। प्रस्तुत प्रणाली के परिणाम के रूप में चुने हुए छन्दों का लक्षण हिन्दी अनुवाद सहित विभिन्न शास्त्रों द्वारा, उदाहरण मात्रा गणना के साथ प्राप्त होती है। मात्रा गणना के नियम तथा छन्द को गाने के लिये अभ्यास प्रदान की भी सुविधा उपलब्ध है । खोजा जाने वाला छन्द दिल्ली किस पुस्तक विश्वविद्यालय में प्रयुक्त किस के किस-किस पद्य में प्रयुक्त हुआ है इसकी भी पूरी सूची उपल्ब्ध कराता है।

## १. पृष्ठभूमि-

छन्दशास्त्र पिङ्गल द्वारा रचित छन्द का मूल ग्रन्थ है। यह सूत्रशैली में है तथा बिना भाष्य के समझना एवं पढ़ना अत्यन्य कठिन है। इसे ही वेदों का पाद कहा गया है। विश्व के किसी भी साहित्य में छन्दों का इतना व्यापक और सूक्ष्म अनुशीलन नहीं हुआ है, जितना संस्कृत साहित्य में विद्यमान है। संस्कृत-साहित्य का आद्य स्त्रोत तथा मूलाधार वेद हैं। पाणिनीय-शिक्षा के अनुसार वेदपुरुष के छः (६) अंग हैं - शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, ज्योतिष और छन्द। चारों वेदों में ऋग्वेद की ऋचाएं सबसे प्राचीन हैं। उन ऋचाओं को जो पद्यमय, छन्दोबद्ध हैं, उन्हें वेदपुरुष के दोनों चरण कहा गया है। आचार्य कात्यायन छन्द को परिभाषित करते हैं-

**"यदक्षरपरिमाणं तच्छन्दः"**, जो अक्षरों को परिगणित करती है, वह पदावली छन्द होती है। इस प्रकार आगे चलकर लौकिक छन्दों का प्रादुर्भाव हुआ। साहित्यदर्पणकार आचार्य विश्वनाथ ने **'छन्दोबद्धमिदं पद्यम्'** यह लक्षण करके पद्य और छन्द में भेद किया है ।

छन्दः में कुल आठ गण होते हैं [२] तथा प्रत्येक गण में तीन-तीन वर्ण होते हैं ।

| | | |
|---|---|---|
| यगण | ISS | आदिलघु |
| रगण | SIS | मध्यलघु |
| तगण | SSI | अन्त्यलघु |
| भगण | SII | आदिगुरु |
| जगण | ISI | मध्यगुरु |
| सगण | IIS | अन्त्यगुरु |
| मगण | SSS | तीनों गुरु |
| नगण | III | तीनों लघु |

इन्हीं आठ गणों को एक अत्यन्त सरल सूत्र द्वारा भी स्पष्ट किया जा सकता है
- य-मा-ता-रा-ज-भा-न-स-ल-गाः सूत्र के प्रथम आठ वर्ण आठ गणों को द्योतित करते हैं और अन्तिम दो वर्ण ल और गाः लघु और गुरु वर्ण को प्रकट करते हैं । आचार्यो ने और भी कहा है -
मस्त्रिगुरुस्त्रिलघुश्च नकारो भादिगुरुः पुनरादिलघुर्यः। जो गुरुमध्यगतो रलमध्यः सोऽन्तगुरुः कथितोऽन्तलघुस्तः।।

१. छन्द पादौ तु वेदस्य हस्तौ कल्पोऽथ पढयते
ज्योतिषामयनं चक्षुर्निरूक्तं श्रोत्रमुच्यते।
२. शिक्षा घ्राणं तु वेदस्य मुखं व्याकरणम् स्मृतम्
तस्मात् साङ्कमधीत्यैव ब्रह्मलोके महीयते
आदि मध्यावसानेषु यतरता यान्ति लाघवम्
भजसा गौरवं यान्ति मनौ तु गुरु लाघवम्।।

## २. सर्वेक्षण–

इस शोध के क्षेत्र में आनन्द मिश्रा का योगदान बहुत ही सराहनीय है । जिन्होंने एक सिस्टम का विकास किया है तथा उनका दावा है कि यह सिस्टम छन्द को पहचानने में समर्थ है।

## ३. सामग्री संकलन एवं शोधविधि–

### ३.१ सामग्री संकलन–

इस शोध के लिए मुख्य छन्दों का संग्रह दिल्ली विश्वविद्यालय के बीए एवं एमए पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठ्यपुस्तकों के आधार पर किया गया है। इनके संग्रहण के लिए सबसे पहले पाठ्यपुस्तकों का अध्ययन किया गया तथा प्रयुक्त छन्दों के प्रयोग के साथ छन्दों की एक सूची बनाई गई। फिर इन सभी सूचियों को एक में मिलाकर अद्वितीय (unique) किया गया जिसके परिणाम स्वरूप ४४ छन्दों की सूची प्राप्त हुई । यही सारे छन्द इस शोध के सामग्री के रूप में लिए गये हैं। इन सभी छन्दों मे से अनुष्टुप छन्द का प्रयोग उक्त पाठ्यक्रम में सबसे अधिक बार (५२५) प्रयोग हुआ है। तथा प्रमिताक्षरा, चित्रजाति इत्यादि छन्द का प्रयोग सबसे कम बार (१–१) हुआ है।

### ३.२ शोधविधि–

इस शोध में नियम आधारित शोधविधि का प्रयोग किया गया है। जिसका मुख्य आधार पिंगल का छन्दशास्त्र या छन्दसूत्र है। इसके लिए सबसे पहले सामग्री में चुने हुए छन्दों का एक डेटाबेस बनाया गया। और उस डेटाबेस के द्वारा नियम आधारित विधि के साथ सूचना प्राप्त की जाती है। इस शोध में निम्नलिखित कम्प्यूटर प्रोग्राम विकसित किए गए––

#### ३.२.१ डेटाबेस–

इस शोध में तीन डेटाबेस का प्रयोग किया गया है पहला है छन्द डेटाबेस जिसका कार्य है छन्द को प्रमाणिक करना जिसमें सारे छन्दों की एक सूची है। सिस्टम सबसे पहले प्रयोक्ता द्वारा प्रदत्त इनपुट को इस डेटाबेस में खोजकर मिलान करता है अगर मिलान हो जाती है तो आगे प्रक्रिया के लिए भेजता है अन्यथा यूजर इंटरफेस पर एक सूचना (कृपया छन्द का नाम सही लिखें) के साथ वापस कर देता है। दूसरा सूचना डेटाबेस है जिसमें प्रत्येक छन्द से सम्बन्धित सभी सूचनाएं जैसे लक्षण, उदाहरण एवं अन्य सम्बन्धित सूचनाएं आदि शामिल हैं। इस डेटा से ही सिस्टम सूचना प्राप्त करता है एवं आगे अन्य प्रक्रिया के लिए भेजता है। तीसरा डेटाबेस छन्द उदाहरण विश्लेषण। जिसमें छन्द के उदाहरण को विश्लेषित करने के लिए नियम आदि संग्रहीत होते हैं एवं मात्राओं की गणना के समय इसी डेटाबेस की मदद ली जाती है ।

#### ३.२.२ छन्द प्रमाणक–

सिस्टम का यह भाग छन्द डेटाबेस की सहयता से यूजर द्वारा प्रदत्त इनपुट छन्दों को प्रमाणित करता है कि यह वास्तव में संस्कृत छन्द है कि नहीं ?

### ३.२.३ सूचना प्रदायक-

सिस्टम का यह भाग छन्द सूचना डेटाबेस की सहायता से प्रमाणित छन्द के लिए सूचना प्रदान करता है। जिसमें लक्षण, उदाहरण, अर्थ एवं अन्य सूचनाएं शामिल होती हैं।

### ३.२.४ छन्द उदाहरण विश्लेषक-

यह भाग प्राप्त उदाहरण का छन्द के लक्षण अनुसार मात्राओं की गणना करता है तथा साथ ही साथ मात्रा गणना के नियमों को भी बताता है। जिससे यूजर को मात्रा गणना सीखने में आसानी होती है।

शोधविधि चित्र सं. १ के माध्यम से समझी जा सकती है।




## ४ परिणाम एवं परिचर्चा-

### ४.१ परिणाम-

इस शोध के लिए मुख्य छन्दों का संग्रह दिल्ली विश्वविद्यालय के बीए एवं एमए पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठ्यपुस्तकों के आधार पर किया गया है। यह सिस्टम इस पाठ्यक्रम से आधारित कोई छन्द ऑनलाइन सीखने में मदद करता है। कोई भी छन्द से सम्बन्धित सारी सूचनाएं जैसे लक्षण हिन्दी अनुवाद के साथ, उदाहरण तथा उदाहरण में मात्राओं की गणना भी दिखाई गई है। मात्रा गणना के नियम भी प्रदर्शित करने का प्रावधान है। यह सिस्टम छात्रों, शिक्षकों तथा छन्द सीखने के इच्छुक किसी के लिए भी उपयोगी सिद्ध हो सकता है।

## ४.२ परिचर्चा–

प्रस्तुत सिस्टम यह भी बताता है कि प्रत्येक लक्षण में कहां– कहां तथा कितने वर्ण/अक्षर के बाद यति/विराम है, गति क्या है उस लक्षण में कौनसा गण है तथा लघु–गुरु की क्या क्या विशेषताएं है तथा किस छन्द में कौनसा लक्षण कैसे घटेगा उसके सारे नियम उपलब्ध होंगे।

## सन्दर्भ ग्रन्थ–


१. डा. सावित्री गुप्ता २०१४, छन्दोऽलङ्कारसौरभम्, विद्यानिधि प्रकाशन, दिल्ली.

२. प्रो. श्रीकिशोर मिश्र २००६ छन्दश्शास्त्र का उद्भव एवं विस्तार, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

३. गंगादासप्रणीत २०१३, छनदोमञ्जरी. भारतीय विद्या प्रकाशन, वाराणसी

४. उपाध्याय आ. बलदेव २०१२, वृत्तरत्नाकरः. चौखम्बा सुरभारती, प्रकाशन, वाराणसी

५. आचार्य पं. श्री शिवदत्त मिश्र शास्त्री, १९९८. छन्दःप्रकाश भारतीय, विद्या प्रकाशन, वाराणसी



**–शोध छात्र, संस्कृतविभाग,**
**कला संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय**
**दिल्ली–११०००७**

# वैदिक ज्ञान का वैश्विक प्रभाव

**-डॉ. विनोद कुमार तिवारी**

''भारतवर्ष आधुनिक विश्व का आध्यात्मिक पूर्वज है।'' लंदन के ट्रेफल्गार स्क्वेयर पर बोलते प्रो० फ्रेडरिक मैक्समूलर कहते हैं, 'जिस देश ने राम और कृष्ण को जन्म दिया, उसे गुलाम बनाना महापाप है।'[१]

स्वामी विवेकानंद कहते हैं कि ''संसार हमारी भारत माता का अपार ऋणी है। यदि हम विश्व के सभी राष्ट्रों का तुलनात्मक अध्ययन करते हैं तो पाते हैं कि विश्व में ऐसी कोई जाति नहीं है, जिसका संसार उतना ऋणी है, जितना वह हमारे विनयी व भद्र हिंदू पूर्वजों का है।''[२] मार्क ट्वैन कहते हैं, ''आध्यात्म के क्षेत्र में तो सारे देश कंगाल हैं, भारतवर्ष ही एकमात्र महाराजा है। भारत की धरती मानवता की फुलवाड़ी, भाषाओं की जननी तथा इतिहास की धरित्री है। यह विश्व के समस्त सभ्यता व संस्कृतियों की जन्मस्थली है। मानवीय इतिहास के अमूल्य विरासत वेदों में संरक्षित हैं।''[३]

जर्मन दार्शनिक सोपेनहावर कहते हैं, वेद विश्व साहित्य में मानवता के उन्नायक सर्वाधिक मूल्यवान ग्रंथ हैं।''[४] देववाणी संस्कृत अपने समृद्धतम शब्दावली तथा सर्वाधिक वैज्ञानिक व्याकरण से अलंकृत विश्व की सर्वाधिक प्राचीन भाषा है। संस्कृत वेदों और उपनिषदों की भाषा है। इसमें रामायण व महाभारत जैसे ग्रंथों का प्रणयन हुआ। यह वह भाषा है, जिसमें महाकवि कालिदास ने 'रघुवंशम्' तथा भरतमुनि ने 'नाट्यशास्त्र' लिखा। संस्कृत गणित, विज्ञान, एस्ट्रोनोमी, व आयुर्विज्ञान की भाषा है। सर विलियम जोंस कहते हैं- **''संस्कृत विश्व की सर्वाधिक पूर्ण भाषा है... यूनानी से भी अधिक परिपूर्ण तथा लैटिन से भी अधिक समृद्ध।''**[५]

वैदिक ज्ञान और तत्जनित भारतीय संस्कृति का प्रभाव सम्पूर्ण विश्व में देखा जा सकता है। आइए हम पूर्व से प्रारम्भ कर पश्चिम की ओर चलते हैं। इंडोनेशिया में भारतीय संस्कृति का प्रभाव स्पष्ट दृष्टिगोचर है। प्रम्बनन और पेन्टारन के भव्य मन्दिर परिसरों में रामायण और महाभारत के सुन्दर भीत्तिचित्र उत्कीर्ण हैं। कहते हैं कि महर्षि अगस्त्य ने जावा, सुमात्रा, बाली, कम्बोडिया द्वीपसमूहों में भारतीय संस्कृति का ध्वज फहराया। अंकोरवाट तथा बोरोबुदुर मंदिर परिसरों के वास्तुशिल्प आधुनिक विश्व के लिए आश्चर्य हैं। रामायण वहां का राष्ट्रीय महाकाव्य है तथा रामायण उत्सव तथा रामलीला इंडोनेशिया सरकार द्वारा देश-विदेश में आयोजित किया जाती है।[६]

बहुत कम लोगों को यह पता है कि इण्डोनेशिया के प्रथम राष्ट्रपति सुकर्णो के पिता महाभारत के अच्छे विद्वान् थे। महाभारत में कर्ण का चरित्र उन्हें बहुत प्रिय था, किन्तु उसका दुष्ट दुर्योधन के पक्ष में धर्मात्मा पाण्डवों के विरुद्ध युद्ध करना उन्हें बड़ा खलता था। इसलिए उन्होंने अपने पुत्र का नाम रखा सुकर्णो अर्थात् सज्जन कर्ण।[७] अपने पिता की परम्परा को जारी रखते हुए सुकर्णो ने अपनी संतानों को विशुद्ध भारतीय नाम रखा जैसे मेघावती

सुकर्णोपुत्री, रचमावती सुकर्णोपुत्री, सुकमावती सुकर्णोपुत्री, गुरु सुकर्णोपुत्र। यहां यह द्रष्टव्य है कि इन्डोनेशिया विश्व का सर्वाधिक मुस्लिम आबादी वाला देश है। डॉ. रघुवीर प्राच्यविद्या के प्रख्यात विद्वान् रहे हैं। वैदिक ज्ञान के वैश्विक प्रभाव पर शोध करते हुए उन्होंने मंचूरिया में लोगों को गायत्री मंत्र का पाठ करते हुए पाया। मंगोलिया में लोगों को गौड़पाद कृत 'सांख्यिकारिका' पर परिचर्चा करते हुए देखकर वह अभिभूत हुए। तिब्बत और चीन, कोरिया और जापान, वर्मा और श्रीलंका भगवान् बुद्ध की चरणधूलि अपने मस्तक पर धारण किए हुए वैदिक वस्तुतः ज्ञान पर अनुरक्त भारत भक्त ही तो हैं।

काबुल और कांधार में वैदिक ज्ञान का प्रभाव सहज ही देखा जा सकता है। काबुल नदी 'कुभ' का सन्दर्भ वैदिक साहित्य में है। यह प्रदेश व्याकरण के महान आचार्य पाणिनि की की धरती है, तथा ईरान की प्राचीन भाषा 'अवेस्ता' संस्कृत शब्दों से भरी पड़ी है। महाभारत में कौरवों की राजमाता गांधारी गांधार की राजकुमारी थी। दिल्ली के लक्ष्मी नारायण बिड़ला मंदिर परिसर में उत्कीर्ण एक शिलालेख विद्वानों का ध्यान आकर्षित करता है। अरबी साहित्य की एक श्रेण्य कृति से उद्धृत यह पंक्ति इस्लाम के प्रवर्तक मुहम्मद के चाचा का संवाद है। वह ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वह उन्हें कम से कम एक दिन के लिए भारत में वास दे दें।[९] क्यों? वह कहते हैं कि इससे मनुष्य जन्म-मृत्यु के बंधन से मुक्त हो जाता है। इससे यह सिद्ध होता है कि इस्लाम-पूर्व अरब की तत्त्व-दृष्टि भी हिन्दू अथवा बौद्ध दर्शन से पृथक नहीं थी, जो उस समय पूर्व से पश्चिम एशिया तक सर्वत्र व्याप्त रहे थे। रूस की भाषा में संस्कृत के तत्सम शब्दों की प्रचूरता यह सिद्ध करती है कि यह धरती वैदिक ज्ञान के प्रभाव से मुक्त नहीं थी। फ्रेंच मनीषि सिल्वियां लेवि कहतीं हैं-

> ''पर्सिया से लेकर चीन सागर तक तथा साइबेरिया के हिमाच्छादित प्रदेश से जावा, सुमात्रा, बाली व बोर्नियों द्वीपसमूह तक भारतवर्ष ने अपनी आस्था, कथाओं, योग व आयुर्वेद, सभ्यता व अपनी संस्कृति का प्रसार किया। इस प्रकार इस सभ्यता ने विश्व की एक बड़ी आबादी पर कई शताब्दियों तक गहरी छाप छोड़ी है। समस्त मानवता के कल्याण की आकांक्षी यह महान सभ्यता विश्व की श्रेष्ठतम सभ्यता कहलाने की अधिकारी है।[१०]

अपनी पुस्तक 'हिन्दू अमेरिका' में प्रो. चमनलाल कहते हैं कि कोलंबस द्वारा अमेरिका की खोज के एक हजार वर्ष पूर्व अमेरिका में वैदिक ब्राह्मणों का साम्राज्य था।[११] दक्षिण से उत्तर अमेरिका तक में फैले अगणित प्राचीन मंदिरों में प्रयुक्त भारतीय वास्तुशिल्प को प्रदर्शित करती हुई एक फिल्म के माध्यम से उन्होंने आधुनिक विश्व के समक्ष यह रहस्योद्घाटन किया। अपने संस्मरण में वह लिखते हैं कि उनकी वापसी यात्रा में एक माननीय न्यायाधीश जो विमानपत्तन तक उन्हें विदा करने आए ने उनसे पूछा, 'आप हमें पुनः हिन्दू धर्म में वापस कब लेंगे।'[१२]

वेद और वेदांत का गहरा प्रभाव आधुनिक अमेरिका पर देखा जा सकता है। थोरो और इमर्सन अमेरिकी समाज के बौद्धिक प्रणेता हैं। हेनरी डैविड थोरो वैदिक ज्ञान पर मुग्ध हैं। वह कहते हैं– जब भी मैं वेदों का पारायण करता हूँ, मुझे एक दिव्य आलोक की अनुभूति होती है। वेदों का दिव्य ज्ञान सार्वभौमिक, सार्वदेशिक व सार्वकालिक है।[१३] महात्मा थोरो श्रीमद्‌भागवत गीता के अनन्य भक्त थे। वह कहते हैं–

**''मैं नित्यप्रति अपने विवेक व चिन्तन को गीता ज्ञान रूपी गंगाजल से पवित्र करता हूँ।**

हेनरी डैविड थोरो को वैदिक वाङ्मय के अध्ययन को प्रेरित करने का श्रेय राल्फ वेल्डो इमर्सन को जाता है। उन्हें अमेरिका में हिन्दू विचारों का उन्नायक चैंपियन औफ हिंदू थॉट्स इन अमेरिका कहा जाता है। अपनी ब्रह्मा शीर्षक तथा अन्य कविताओं में उन्होंने औपनिषदिक विचारों की अद्‌भुत प्रस्तुति की है।[१५] रोम्यां रोला ने लिखा है कि अमेरिका में स्वामी विवेकानंद के आगमन के पूर्व अमेरिकी मानस को वेदांत दर्शन सुनने व समझने के निमित्त तैयार करने में इमर्सन ने महती भूमिका निभाई[१६] और स्वामी विवेकानंद ने शिकागो में आयोजित विश्व धर्म संसद में जब 'अमेरिका के प्रिय भगिनि भ्रातागण कहकर संबोधित किया तो समस्त अमेरिकी बौद्धिक मानस अभिभूत, आह्लादित व चमत्कृत हो उठा। मिस जोसफिन मैक्लोड ने लिखा: –

**''यदि जीवित ईशा ने अमेरिका की धरती पर पांव रखा है, तो स्वामी विवेकानंद के रूप में''**

स्वयं जीसस क्राइस्ट के सन्दर्भ में रूसी विद्वान निकोलस नोटोविच ने गहन शोध के पश्चात यह निष्कर्ष निकाला कि वह भारत आए, यहां के गुरुकुलों में रहे तथा हिन्दू मेटाफिजिक्स का अध्ययन किया।[१८]यही कारण है कि हम इसाईयत पर बौद्धधर्म का स्पष्ट प्रभाव देखते हैं। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त के शब्द हैं:

**''था हिन्दुओं का शिष्य ईशा, यह पता भी है चला,**
**ईशाइयों का धर्म भी है बौद्ध ढांचे में ढला''** [१९]

भारतवर्ष में युरोप का आगमन विश्व इतिहास की एक युगांतरकारी घटना है। इसने युरोपीय मानस पर औपनिषदिक प्रभाव की एक अमिट छाप छोड़ी। इसका परिणाम यह हुआ कि युरोप में भारतवर्ष को देखने, इसके तत्त्व मीमांसा को समझने हेतु एक नए क्षितिज का द्वार खुला, तथा इस सत्य की स्थापना हुई कि भारतवर्ष एक महान राष्ट्र है, इसकी सभ्यता, साहित्य व दर्शन विश्व में प्राचीनतम है, तथा मानवता के कल्याण के निमित्त इसका अवदान विश्व में अतुलनीय है।

हुआ यूं कि एक फ्रेंच विद्वान एंक्विटल डूपरों १७६० में भारत आए। अपनी वापसी यात्रा में वह वैदिक साहित्य की लगभग अस्सी हस्त लिपियाँ साथ ले गए, जिसमें शाहजहाँ के जेष्ठपुत्र दारा शिकोह द्वारा उपनिषदों का फारसी अनुवाद भी सम्मिलित था। डूपरां ने उपनिषदों का लैटिन अनुवाद दो खण्डों में प्रकाशित किया। जर्मन दार्शनिक आर्थर सोपेनहावर को इसी लैटिन अनुवाद की एक प्रति हाथ लगी। कहते हैं कि पढ़कर वह आह्लादित हो उठे तथा हर्ष से झूम उठे। सोपेनहावर के शब्द हैं:

***''विश्व में उपनिषदों के समकक्ष कोई ग्रंथ नहीं है। उपनिषदों को पढ़कर मुझे इस जीवन में शांति मिली है, मृत्यु के पश्चात भी मुझे शांति मिलेगी, ऐसा मेरा दृढ़ विश्वास है''***[२०]

उपनिषदों के अध्ययन से यूरोप में एक बौद्धिक पुनर्जागरण का सूत्रपात हुआ। इमैनुएल कांट, जिन्हें पाश्चात्य दर्शन के दो विपरीत ध्रुवों में समन्वय का श्रेय है, कहते हैं:

**''उपनिषदों व श्रीमद्‌भगवत गीता का फ्रेंच अनुवाद जब मैंने पढ़ा, मेरा जीवन चमत्कृत हो गया।''** [२१]

जौन फिक्टे तथा पौल डूसां ने वेदान्त को श्रेष्ठतम दर्शन कहा। फ्रेडरिक नित्जे ने मनुस्मृति पढ़ी तथा इसे बाइबल से कई गुणा श्रेष्ठतर बताया। अपनी पुस्तक *'अनार्किस्ट'* में वह कहते हैं कि मनुस्मृति जैसी श्रेष्ठ कृति विश्व में अतुलनीय है, इसके साथ एक श्वास में बाइबल का नाम लेना भी पवित्र आत्मा के प्रति पाप है।[२२]
महान शांतिवादी फ्रेंच मनीषि रोम्यां रोलां, जिन्होंने रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद एवं महात्मा गांधी की जीवनियाँ लिखीं, सनातन हिन्दु धर्म के उदात्त मूल्यों से बड़े प्रभावित हुए। वह कहते हैं-

> **''मैंने यूरोप एवं एशिया के सभी धर्मों का पारायण किया है। वैज्ञानिक तथ्यों तथा तार्किक दृष्टि से हिन्दुत्व हमें सर्वोत्तम प्रतीत होता है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि एक दिन सम्पूर्ण विश्व हिन्दुत्व के इन उदात्त मूल्यों के समक्ष नतमस्तक होगा।**[२३]

चार्ल्स विल्किंस ने *''द डायलॉग्स औफ कृष्ण एंड अर्जुन''* शीर्षक से भगवतगीता का आंग्ल अनुवाद किया। ग्रंथ की प्रस्तावना लिखते हुए तत्कालीन गवर्नर जनरल वारेन हेस्टिंग्स कहते हैं: -

***''.......भारतवर्ष में अंग्रेजी सम्राज्य के अवसान के हजारों वर्षों के पश्चात भी भगवतगीता की पताका विश्व गगन में लहराती रहेगी***[२४] ***...... ''***

वारेन हेस्टिंग्स भगवतगीता के संन्देशों से इतने प्रभावित थे कि उन्होंने भगवतगीता की हजारों प्रतियाँ कंपनी के खर्च से यूरोप व अमेरिका में वितरित करायीं।[२५]

विलियम जोंस, जिन्हें अभिज्ञान शाकुंतलम् के आंग्ल अनुवाद का श्रेय है, ने 'हिम्म्स टू नारायण' (नारायणस्तुति) लिखा, तथा ह्युमन थियोलौजी शीर्षक से मनुस्मृति का अंग्रेजी अनुवाद किया। विलियम जोंस ने यह स्थापित किया कि गोथिक, सेल्टिक तथा संस्कृत एक ही भाषा परिवार की भाषाएँ हैं। [२६]

रामधारी सिंह 'दिनकर' कहते हैं कि तुलनात्मक भाषाविज्ञान का जो महल फौज बौप, मैक्समूलर तथा ग्रीम ने खड़ा किया, उसकी नींव वास्तव में विलियम जोंस ने ही रखी थी। वह आगे कहते हैं कि भारतवर्ष से सांस्कृतिक सम्पर्क से पूर्व यूरोप में किसी को ध्वनिशास्त्र 'फोनेटिक्स' से परिचय नहीं था। भारतीय निरुक्त व व्याकरण शास्त्र पढ़कर ही यूरोप के विद्वानों ने 'फोनेटिक्स' व 'लिंग्विस्टिक्स' का विकास किया।"[२७]प्राच्यविद्या विशारद हेनरी टौमस कौलब्रुक ने हिन्दु धर्मशास्त्र, दर्शन, व्याकरण, ज्योतिष का गहन अध्ययन किया और वेदों का समग्र विवेचन प्रकाशित किया।

अलेक्जेंडर हेमिल्टन, चेजी, यूजेन बर्नोफ, एवं श्लीगल बन्धुओं ने फ्रांस, जर्मनी एवं इंग्लैंड में संस्कृत शिक्षण अभियान चलाया।[२८] संस्कृत के फ्रेंच विद्वानों की कड़ी में युजेन बर्नोफ एक प्रसिद्ध नाम है। प्रो० वर्नोफ को श्रेय यह है कि उन्होंने प्रो० फ्रेडरिक मैक्समूलर को संस्कृत पढ़ाया तथा उन्हें वैदिक वांग्मय पर गहन शोध करने के लिए प्रेरित किया। मैक्समूलर की महानता यह है कि उन्होंने अपने जीवन के तीन दशक से भी अधिक समय वेदो के अध्ययन व शोध में लगाए, और जब उनका सायण पर भाष्य प्रकाशित हुआ तो सम्पूर्ण यूरोप व

भारत का विद्वत् वर्ग चमत्कृत हो गया। यह पश्चिम में वैदिक ज्ञान की दिग्विजय यात्रा थी। यह सम्पूर्ण यूरोप में वैदिक ज्ञान के प्रति आए रिनेसाँ का उत्कर्ष था।

महामना मैक्समूलर वैदिक ज्ञान के उपासक तथा अनन्य भारत प्रेमी थे। भारतवर्ष की भूमि से बाहर जन्म लेकर भारत की महती सेवा करनेवाले वह महान मनीषि थे। रामधारी सिंह दिनकर कहते हैं कि महर्षि सायन की आत्मा ही जर्मनी में मैक्समूलर के रूप में अवतरित हुई, क्योंकि समकालीन युग में वह वेदों के महानतम भाष्यकार हैं।[२९]

प्रोफेसर मैक्समूलर का सबसे बड़ा योगदान यह है कि उन्होंने तुलनात्मक भाषाविज्ञान तथा धर्मो के तुलनात्मक अध्ययन की परंपरा आरंभ की। तुलनात्मक भाषाविज्ञान के अध्ययन से जो तथ्य स्थापित हुआ उससे पूर्वाग्रही यूरोपीय विद्वानों की जड़ता समाप्त हुई, जो ये मानते थे कि फिलिस्तीन व यूनान से प्राचीन कोई देश नहीं है तथा हिब्रु से प्राचीन भाषा नहीं हैं। बाइबिल के अनुसार यह माना जाता था कि यह सृष्टि ४००० वर्ष से अधिक पूरानी नहीं है। इस स्थापना के आलोक में वेदों का कालनिर्णय करने में यूरोपीय विद्वानों को बड़ी कठिनाई हुई, और वे इसे ईशा से २००० वर्ष पूर्व से आगे ले जाने के लिए किसी भी हाल में तैयार नहीं थे। लेकिन २०वीं सदी के प्रारंभ में जब मोहनजोदड़ो और हड़प्पा की खुदाई हुई, और जो तथ्य प्रकट हुए, उससे पूर्वाग्रही गया और वे यह मानने को वाध्य हुए कि सृष्टि का इतिहास ४००० वर्ष से बहुत पूराना है। मैक्समूलर ने यह स्थापित किया कि हिब्रु नहीं अपितु संस्कृत विश्व की प्राचीनतम भाषा है, तथा यूनानी या यहुदी नहीं, अपतु हिन्दू विश्व की प्राचीनत जाति है।[३०] मैक्समूलर ने पाणीनि को विश्व का महानतम व्याकरणाचार्य घोषित किया। राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त ने भारत भारती बहुत सुन्दर लिखा है।

**'' निकला जहाँ से आधुनिक, वह भिन्न भाषा-तत्त्व है,**
**रखती न भाषा एक भी, संस्कृत समान महत्त्व है।**
**पाणिनि सदृश्य वैयाकरण, संसार भर में कौन है?**
**इस प्रश्न का सर्वत्र उत्तर, उत्तरोत्तर मौन है।''** [३१]

मैक्समूलर ने भारतवर्ष को कई दृष्टि से गौरवान्वित किया। उन्होंने भारतीय साहित्य, दर्शन, धर्मग्रंथों की ५० से अधिक खण्डों में ग्रंथमाला प्रकाशित की। 'इन्डिया ह्वाट इट कैन टीच अस' नामक पुस्तक में वह कहते हैं कि विश्व भारतवर्ष से क्या-क्या सीख सकता है।[३२] विल्हम फ्रेडरिक लीगल भारोपीय अध्ययन, तुलनात्मक भाषा-विज्ञान के अधिकारी विद्वान थे। उन्होंने संस्कृत ध्वनियों के यूरोपीय भाषाओं की ध्वनि में हुए परिवर्तन का गहरा अध्ययन किया, इस प्रकार 'ग्रीम्स ला' के स्थापन का पथ-प्रशस्त हुआ, जिसे हम भाषा-विज्ञान के पाठ्यक्रम में विश्वविद्यालयों में पढ़ाते है। यहां यह द्रष्टव्य है कि विल्हम फ्रेडरिक श्लीगल ही प्रख्यात रोमांटिक कवि विलियम वड्सवर्थ एवं एस. टी कोलरिज के मेंटर थे, यही कारण है कि इन कवियों की कविताओं में भारतीय प्रभाव की अभिव्यक्ति हम पाते हैं। बड़े भाई अगस्ट विल्हम लीगल यूरोप में संस्कृत के प्रथम प्रोफेसर बने। भारतीय वांगमय में उनकी गहरी पैठ थी, और उन्होंने भगवदगीता का जर्मन अनुवाद किया।[३३]

सर एडविन अर्नोल्ड एक प्रख्यात भारतविद् रहे हैं। उन्हें एक पीड़ा खलती थी कि आंग्ल साहित्य में भगवदगीता जैसा कोई ग्रंथ नहीं है। इस कमी को पूर्ण करने के लिए उन्होंने 'द सौंग सेलेस्टीयल' शीर्षक से भगवदगीता का अंग्रेजी में पद्यानुवाद किया। महात्मा गांधी इस पुस्तक को पढ़कर बड़े प्रभावित हुए। अपने संस्मरण में वह लिखते हैं कि इस पुस्तक ने मुझे एक जीवनदृष्टि प्रदान की। यहां मुझे वह ज्योति मिली जिसकी खोज में मैं था।' [३४]

डब्ल्यू. बी. यीट्स तथा टी.एस. इलियट आधुनिक अंग्रेजी साहित्य के यशस्वी कवि रहे हैं। डब्ल्यू. बी. यीट्स ने दस प्रमुख उपनिषदों का आंग्ल पद्यानुवाद किया तथा टी.एस. इलियट ने संस्कृतनिष्ठ अंग्रेजी काव्यलेखन का अभिनव प्रयोग किया। देखिए अपनी प्रख्यात कृति ''द वेस्ट लैंड'' का उपसंहार वह सुन्दरता पूर्वक बौद्ध प्रतिमानों तथा वैदिक शान्ति मंत्रों से करते हैं:

**दा! दा! दा!**
**दत्ता, दयध्वम, दमयत,**
**शांति! शान्ति! शान्ति!** [३५]

आधुनिक विज्ञान को वैदिक ज्ञान के अवदान से बहुत कम लोग परिचित हैं। थोलिक चर्च से प्राप्त मिथ्या ज्ञान के आधार पर सोलहवीं सदी तक यह विश्वास करता था कि यह पृथ्वी चपटी है, तथा यह इस सौर मंडल का केन्द्र है। बेचारे गैलीलियो ने जब यह घोषणा की कि यह पृथ्वी गोल है तथा सूर्य के परितः घूमती है, तो उसे भीषण प्रताड़ना तथा आजीवन कारावास की सजा दी गई। इसके विपरीत भारतवर्ष में भाष्कराचार्य महाराज ने शताब्दियों पूर्व यह स्थापित किया कि इस ब्रह्मांड में करोड़ों तारे हैं, हमारा सूर्य भी एक तारा है, तथा यह हमारे सौरमंडल का केंद्र है, और हमारी पृथ्वी हमारे सूर्य की परिक्रमा करती है।

''तथा वेदांग शास्त्राणाम गणितं मूर्धण्यं संस्थिताम्।'' भाष्कराचार्य अपनी पुत्री लीलावती से कहते हैं कि गणित सभी विज्ञानों का हृदय है। [३६] भारतवर्ष ने विश्व को गणित पढ़ाया। संख्याओं की गिनती शुन्य और दशमलव का ज्ञान, जोड़, घटाव, गुणा, भाग की प्रक्रिया, प्रतिशतता, वर्गमूल, पाई का मूल्य, ज्यामिति, त्रिकोणमिति, पाइथोगोरस प्रमेय इत्यादि सभी विश्व को वैदिक ज्ञान का अवदान है। [३७] मैं एक प्रसिद्ध हिन्दी फिल्म ''पूरब और पश्चिम '' के एक सुन्दर लोकप्रिय गीत को उद्धृत करना चाहता हूँ–

**''जब जीरो दिया मेरे भारत ने,**
**भारत ने मेरे भारत ने, दुनिया को तब गिनती आई ।**
**तारों की भाषा भारत ने, दुनिया को पहले सिखलाई ॥**
**देता न दशमलव भारत तो, यूँ चाँद पे जाना मुश्किल था।**
**धरती और चाँद की दूरी का, अंदाजा लगाना मुश्किल था।।**
**सभ्यता जहाँ पहले आई, पहले जन्मी हैं जहाँ पे कला ।**
**अपना भारत वो भारत है, जिसके पीछे संसार चला।।**

**संसार चला और आगे बढ़ा, यूँ आगे बढ़ा, बढता ही गया।**
**भगवान करे यह और बड़े, बढ़ता ही रहे और फूले फले।।**[३८]

यह बड़ा हर्ष का विषय है कि आधुनिक विश्व के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों ने वैदिक गणित के इस योगदान को मुक्त कंठ से स्वीकार किया है। अल्बर्ट आइंस्टीन कहते हैं: -

**''हम भारतवर्ष के प्रति कृतज्ञ हैं, जिसने हमें संख्याओं की गिनती सिायी, जिसके बिना कोई भी वैज्ञानिक आविष्कार संभव नहीं था। ''** [३९]

एक अन्य गणितज्ञ लौंसलोट होग्बेन भी लगभग यही विचार प्रकट करते हैं:-

***''भला इससे बड़ा युगांतरकारी योगदान क्या हो सकता है जो हिन्दुओं ( भारतीय ऋषियों ) ने किया जब उन्होंने विश्व को शुन्य का ज्ञान दिया।।*** [४०]

ज्योतिष विज्ञान के क्षेत्र में वैदिक अवदान सचमुच अतुलनीय है। सूर्यग्रहण एवं चन्द्रग्रहण की वैदिक काल गणना में पल-पल तक की शुद्धता है। सनातन हिन्दू धर्म में कुंभ मेले का आयोजन सम्पूर्ण: खगोलीय परिघटना है। बारह वर्षों के अंतराल पर प्रयागराज, नासिक, उज्जैन, और हरिद्वार में क्रमश: आयोजित होने वाला यह पवित्र कुंभ सौरमंडल में बृहस्पति की परिक्रमाकाल का समानुपातिक होता है। जब बृहस्पति वृष तथा सूर्य मकर राशि में होते हैं, तब प्रयागराज में कुंभ का आयोजन होता है। बृहस्पति और सूर्य की इन राशियों में पुन: उपस्थिति अगले बारह वर्ष के सुदीर्घ अन्तराल के पश्चात् होती है, अत: प्रयाग राज में अगला कुंभ इतने ही वर्षों के पश्चात् आयोजित होगा। इसी प्रकार जब बृहस्पति और सूर्य दोनों सिंह राशि में स्थित होते हैं, तो नासिक में सिंहस्थ कुंभ का आयोजन होता है। यह परिघटना अगले बारह वर्षों के पश्चात् पुन: आवृत्त होती है। इसी तरह बृहस्पति जब सिंहस्थ तथा सूर्य मेषराशि में स्थित होते हैं तो उज्जैन में कुंभ का आयोजन होता है। इसी प्रकार कुंभ राशि में बृहस्पति के तथा मेष राशि में सूर्य की उपस्थिति होने पर हरिद्वार में कुंभ का आयोजन सम्पन्न होता है।[४१] यहां यह द्रष्टव्य है कि भारतीय ज्योतिष में वर्णित कुंभ अर्थात् 'अमृतकलश' युनानी वांग्मय में जोडिएक एक्वैरियस में रूपांतरित हो गया, जो वहां सृष्टि का परिचालक है।

भारतीय पंचांग, हमारा कैलेण्डर, सर्वाधिक परिपूर्ण व वैज्ञानिक है जहाँ तक सप्ताह के दिनों व वर्ष के महीनों का नाम, काल-गणना व नए सम्वत्सर के प्रारंभ व ऋतु-संक्रमण में पर्व-उत्सवों के प्रावधान का प्रश्न है। इसके विपरीत आजकल पूरे विश्व में प्रयोग हो रहा ग्रिगोरियन कैलेण्डर अपनी त्रुटियों के कारण हास्य का विषयबन पड़ा है। बहुत कम लोगों को यह यह पता है कि पहले ग्रिगोरियन कैलेण्डर में मार्च से प्रारंभ कर दस महीने ही थे, और इस प्रकार सितंबर, अक्टूबर, नवंबर, तथा दिसंबर जैसा कि अर्थ से ही स्पष्ट है वर्ष के क्रमश: सातवां, आठवां, नौवां तथा दसवां माह हुआ करते थे। जब इस सत्य की अनुभूति हुई कि यह तो कैलेण्डर की बड़ी भारी त्रुटि है, तो जनवरी और फरवरी वर्षांत में जोड़े गए, फिर वर्ष का प्रारंभ क्रिशमस के निकट करने के उद्देश्य से ये वर्ष के प्रारंभिक महीने बना दिए गए। ग्रिगोरियन कैलेण्डर के निर्माताओं के इस तिकड़म से वर्ष क महीनों के नाम अर्थहीन हो गए, और इस प्रकार सितम्बर, अक्टूबर, नवम्बर तथा दिसम्बर महीने जिन्हें अर्थ के अनुसार सातवां, आठवां, नौवां, और दसवां महीना होना चाहिए क्रमश: नौवां, दसवां, ग्यारहवां तथा बारहवां

महीने बन गए। इस सन्दर्भ में यहाँ यह भी द्रष्टव्य है कि बाद के वर्षों में क्विंटलिज तथा सिक्टलिज नामक सातवें तथा आठवें महीनों का स्थान जुलियस सीजर और उसके उतराधिकारी अगस्टस सीजर के नाम पर रखे गए जुलाई और अगस्त ने ले लिया।

ग्रिगोरियन कैलेण्डर की सबसे हास्यास्पद विसंगति यह थी कि इसमें सप्ताह में छः दिन तथा वर्ष में दस महीने ही थे। स्वाभाविक है चारों सप्ताह के मात्र २४ दिनों में न तो महीने की न ही दस महीने के कुल २४० दिनों में पूरे वर्ष की कल्पना की जा सकती थी। इस विसंगति को दूर करने के लिए ६४ दिनों की एक काल अवधि वर्ष में जोड़ दी गई तथा इसे 'नन मंथ' कहा गया । यूरोपियन साहित्य में इस काल अवधि को विन्टर पीरियड अर्थात् शीतकाल के रूप में चित्रित किया गया है, जो कठिन समय का परिचायक है। यहां यह द्रष्टव्य है कि 'नन मंथ' की यह पूंछल अवधारणा ग्रिगोरियन कैलेण्डर में आज भी यथार्थ है क्योंकि फरवरी महीना एक लघु 'नन मंथ' ही तो है, जो २८ दिनों का ही है, तथा प्रत्येक चौथे वर्ष में २९ दिनों का होता है।[४२] हम पहले यह दे चूके हैं कि वैदिक भारतीय- कालगणना इन हास्यास्पद विसंगतियों से सर्वथा मुक्त है। एम्मेलीन प्लूनरेट गोल विज्ञान में वैदिक अवदान की उन्मुक्त प्रशंसा करते हैं। वह कहते है: -

> ''वेदों में पृथ्वी, सूर्य, चन्द्रमा, ग्रहों, नक्षत्रों, आकाशगंगा इत्यादि के विशद् वर्णन हैं, इससे यह सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि कम से कम ६००० वर्ष ईशापूर्व हिन्दू ऋषिगण गोलशास्त्र में कितने पारंगत हो चुके थे,''[४३]

योगशास्त्र और आयुर्वेद ने सदियों तक मानवता को स्वस्थ रखा है। आचार्य चरक तथा आचार्य सुश्रुत ने हजारों व्याधियों की चर्चा की है तथा उनका नैदानिक परामर्श दिया है। अस्थिरोग चिकित्सा, शल्य चिकित्सा, तथा प्लास्टिक सर्जरी चिकित्सा विज्ञान को भारतवर्ष का योगदान है। प्रख्यात ब्रिटिश सर्जन सर डब्ल्यू हन्टर कहते हैं: -

> '' प्राचीन भारतीय चिकित्सक शैल्यक्रिया में बड़े सिद्धहस्त थे। 'राइनोप्लास्टी' शल्य चिकित्सा की वह विधि, जिसमें नाक, कान इत्यादि विकृत अंगों को पुनः मूल आकृति प्रदान की जाती है, हम यूरोपीय चिकित्सकों ने भारतीयों से ही सिखा है''[४४]

चिकित्सा विज्ञान में भारतवर्ष के अवदान के सन्दर्भ में डॉ० पी. जौन्स्टन कहते हैं- ''.....वे (हिन्दू अर्थात् प्राचीन भारतीय चिकित्सक) हर्वी के जन्म के शताब्दियों पहले मानव शरीर में रक्त संचार प्रणाली से सुपरिचित थे।''[४५]

भारतीय चिकित्सक मध्यपूर्व के देशों में इतने लोकप्रिय थे कि वहां इन्हें सम्मान पूर्वक आमंत्रित कर राज्याश्रय में रखा जाता था। मैथिली शरण गुप्त ने लिखा है: -

> **'' थे हार जाते अन्य देशी वैद्यवर जिस रोग से,**
> **हम भस्म करते थे उन्हें, बस भस्म के ही जोर से**
> **थे दूर देशों के नृपति हमको बुलाकर जानते,**
> **इतिहास साक्षी है हमें सब थे जगतगुरु मानते।''** [४६]

भास्कराचार्य लीलावती से कहते हैं कि पृथ्वी पर जलराशि इसके गुरुत्वाकर्षण के कारण स्थिर होती है। डॉ. पी. जौन्स्टन कहते हैं: – ''न्यूटन के जन्म से शताब्दियों पूर्व हिन्दू (भारतीय) गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत से पूर्ण परिचित थे।''[४७]

यह वैदिक ज्ञान की विशिष्टता है कि यहां साहित्य और गणित, दर्शन और विज्ञान का अभिनव अन्तर्सम्बन्ध है। इसका कारण यह है कि विषय की सूक्ष्मता की व्याख्या के लिए व्यावहारिक जीवन से चुनी गई उपमाएं विषय को समझने में सहायक होती हैं। भारतीय दर्शन का अध्ययन जर्मन भौतिकीवेत्ता डब्ल्यू हाईजेनबर्ग को क्वांटम फिजिक्स समझने में सहायक बन गया। हाईजेनवर्ग के शब्द हैं: –

***''भारतीय दर्शन के अध्ययन के पश्चात क्वांटम फिजिक्स की कुछ जटिलताएं मुझे सहज सुगम हो गई।''*** [४८]

यह हमारा गौरव है कि आज का विश्व, पूर्व हो या पश्चिम यह अनुभव करता कि वैदिक ज्ञान का आधुनिक विज्ञान के साथ पूर्ण तारतम्यता है। सर जौन वूडराफ ठीक ही कहते हैं:–

> ***''प्राचीन भारतीय वैदिक संहिताओं के सम्यक विवेचन से यह प्रमाणित होता है कि ये अत्याधुनिक वैज्ञानिक शोध तथा पश्चिमी दार्शनिक विचारों के बहुत निकट हैं''***[४९]

वैदिक ज्ञान का आज सम्पूर्ण विश्व पर बहुआयामी प्रभाव पड़ा है। मानव जीवन का शायद ही कोई आयाम हो जिसमें भारतवर्ष ने योगदान नहीं किया है। अमेरिकी इतिहासकार विलियम ड्रेरंट ठीक ही कहते हैं:–

> ***''भारतवर्ष विश्व-मानवता की जननी है, संस्कृत समस्त यूरोपीय भाषाओं की जननी है, वह हमारे दार्शनिक विचारों की जन्मदात्री है, गणित और विज्ञान हमने भारत से ही सीखा है, महात्मा बुद्ध के माध्यम से भारतीय विचार इसाइयत में अभिव्यक्त हुए, ग्राम स्वराज, स्थानीय स्वशासन, लोक कल्याण, लोकतंत्र इत्यादि संकल्पनाएं सबकी गंगोत्री भारतवर्ष ही है। भारत माता कई अर्थों में हम सबकी माता है ।''***[५०]

विश्व को भारतीय वैदिक ज्ञान के अवदान को अभिव्यक्ति प्रदान करती हुई श्रीमन्त अटल बिहारी वाजपेयी की सुन्दर पंक्तियों को उद्धृत कर मैं अपने शोध-आले का उपसंहार करता हूँ:–

**''जग को कलश अमृत का देकर, हमने विष का पान किया था,**<br>
**मानवता के लिए हर्ष से अस्थिवज्र का दान दिया था।**<br>
**जब पश्चिम ने वनफल खाकर, छाल पहनकर लाज बचायी,**<br>
**तब भारत से सामगान का स्वर्णिम स्वर था दिया सुनायी।**<br>
**अज्ञानी मानव को हमने दिव्य ज्ञान का दान दिया था,**<br>
**अम्बर के ललाट को चुमा, अतल सिन्धु को छान लिया था,**<br>
**विश्व-गगन में वैदिक-गौरव के दीपक अब भी जलते हैं।**<br>
**कोटि-कोटि नयनों में स्वर्णिम युग के सत् सपने पलते हैं।**

**आओ युग के सपनों को साकार करें हम,**
**मृतकों में नवजीवन की हुंकार भरें हम।''**[५१]

**सन्दर्भ :**

१. मैक्समूलर, प्रोफेसर फ्रेडरिक, 'हवाट इंडिया कैन टीच अस', लौंगमैंस ग्रीन एंड कंपनी, लंदन, १८८३/ पुनः प्रकाशन भारतीय विद्या भवन, मुम्बई

२. स्वामी विवेकानंद, लेक्चर्स फ्रोम कोलंबो टू अल्मोड़ा / विवेकानंद सम्पूर्ण, अद्वैत आश्रम, कोलकाता, १९४७

३. मार्क ट्वेन, मार्क ट्वेन इन इंडिया, सम्पादक डैविड क्रिस्टोफर, साधु वासवानी प्रकाशन, पूर्ण, २०१६

४. आर्थर सोपेनहावर, 'द वेल आफ माया: सोपेनहावर्स सिस्टम एंड अल इंडियन थाट', ग्लोबल एकेडमिक पब्लिसिंग, विंगम्टन विश्वविद्यालय, न्यूयॉर्क, अमेरिका

५. विलियम जोन्स, एशियाटिक सोसायटी अधिवेशन का घोषणा पत्र, १८८६

६. डॉ. विनोद तिवारी, 'द रामायण कथा इन द इस्ट', ज्ञान बुक्स प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली

७. डॉ. हरवंश लाल ओबरॉय, 'डॉ. हरवंश लाल ओबरॉय समग्र', संविदा सुबोध सोमगिरि, बीकानेर, राजस्थान

८. डॉ. रघुवीर, इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ इंडियन कल्चर, नई दिल्ली

९. लक्ष्मी-नारायण बिड़ला मंदिर, नई दिल्ली, यज्ञशाला में उत्कीर्ण शिलालेख

१०. सिल्विया लेवी, लथिएटर इंडियन फ्रेंच एडिशन, एलिब्रां क्लासिक्स, पेरिस, १८९०

११. भिक्षु चमनलाल, हिंदू अमेरिका, भारतीय विद्या भवन, मुम्बई, १९४०

१२. पूर्वोक्त

१३. हेनरी डेविड थोरो, वैल्डन एंड सिविल डिसओबिडिएंस, संयुक्त राज्य अमेरिका, १८५४

१४. पूर्वोक्त

१५. राल्फ वेल्डो एमर्सन, 'द्र ऋषि आफ कानकोर्ड एण्ड द वेदास', रिवर ड्राफ्टिंग स्पर्ट सिरिज, वोस्टन, संयुक्त राज्य अमेरिका, १८३८

१६. लाइफ ऑफ विवेकानंद एंड यूनिवर्सल गोस्पेल, रोम्यां रोलां, अद्वैत आश्रम, कोलकाता, १९३१

१७. स्वामी विवेकानंद, विवेकानंद सम्पूर्ण, अद्वैत आश्रम, कोलकाता, १९४७

१८. निकोलस नोटोविच, ' अननोन लाइफ आफ जीसस क्राइस्ट/लाइफ ऑफ सेंट ईशा/ ला वी इनकोन्नु डि जीसस क्राइस्ट(फ्रेंच), साइमोन एण्ड 'चेष्टर, वोस्टन, संयुक्त राज्य अमेरिका, १८९५

१९. मैथिली शरण गुप्त, भारत- भारती, साहित्य सदन, चिरगाँव, झांसी, उत्तर प्रदेश, १९१२

२०. आर्थर सोपेनहावर, 'द वेल आफ माया: सोपेनहावर्स सिस्टम एंड अर्ली इंडियन थाट', ग्लोबल एकेडमिक पब्लिसिंग, विंगम्टन विश्वविद्यालय, न्यूयॉर्क, अमेरिका

२१. डॉ. राधाकृष्णन, सर्वपल्ली, द्र अथिक्स आफ भगवद्गीता ऐंड कांट, यूनिवर्सिटी आफ शिकागो, अमेरिका,१९११

२२. नित्जे, एफ, डब्ल्यु, अनार्किस्ट, फ्रीडम प्रेस, हवाइट चौपल, लंदन, १८८६

२३. रोम्यां रोलां, द हिन्दुइज्म : रिलिजन एण्ड स्पीरिट्युअलिट, १९११, Amazon-in

२४. चाल्स विलकिंस, द डायलाग्स आफ कृष्ण ऐंड अर्जुन, ईस्ट इंडिया कम्पनी, बेंगाल इस्टैब्लिशमेंट, लंदन,1785

२५. पूर्वोक्त

२६. सर विलियम जॉस, इंडियन इंस्टीट्यूट आफ वर्ल्ड कल्चर www.iiwcindia.org

२७. दिनकर, रामधारी सिंह, संस्कृति के चार अध्याय, साहित्य अकादमी, नई दिल्ली, १९५६.

२८. रायल एसियाटिक सोसायटी, लंदन, इंग्लैंड

२९. दिनकर, रामधारी सिंह, संस्कृति के चार अध्याय, साहित्य अकादमी, नई दिल्ली, १९५६

३०. पूर्वोक्त

३१. मैथिली शरण गुप्त, भारत- भारती, साहित्य सदन, १९१२, चिरगाँव, झांसी, उत्तर प्रदेश, भारत
३२. मैक्समूलर, प्रोफेसर फ्रेडरिक, 'हवाट इंडिया कैन टीच अस', लौंगमैंस ग्रीन ऐन्ड कम्मनी, लंदन, १८८३ /पुनः प्रकाशन भारतीय विद्या भवन, मुम्बई
३३. शिलगल, विल्हम फ्रेडरिक एवं शिलगल, अगस्त विल्हम, इंडियन इन्स्टीट्यूट आफ वर्ल्ड कल्चर,www-iiwcindia-org
३४. डॉ विनोद तिवारी, द एसेंस ऑफ गांधीयन फिलोसोफी, इट्स इम्पैक्ट ऑन अवर लिटरेचर, ज्ञान बुक्स प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली, २०१४
३५. इलियट, टी एस, द वेस्ट लैंडश, लिवराइट पब्लिसिंग कार्पोरेशन, लंदन, १९२२
३६. उपनिषद गंगा, टीवी सिरियल, चन्द्र प्रकाश द्विवेदी, चिन्मय मिशन ट्रस्ट, भारत.
३७. जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी भारती कृष्णतीर्थ महाराज, 'वैदिक गणित', गोवर्धन मठ, पूरी, उड़ीसा, १९६५
३८. हिन्दी फिचर फिल्म, पूरब और पश्चिम, मनोज कुमार
३९. अ जर्नी विद जीरो [0]: आइंस्टीन: Amazon.com
४०. पूर्वोक्त
४१. एन. चिदंबरम अइय्यर, बृहत संहिता आफ वराह मिहिर, द्वितीय खण्ड, क्लासिक एडिशन, Amazon.in
४२. इंटरनेशनल जर्नल आफ ज्योतिष रिसर्च, एकिनिक प्रकाशन, नई दिल्ली
४३. एमिलीन प्लंकेट एवं एमिलीन मार, एंशिएंट कैलेन्डर्स एंड कॉन्स्टेलेशन्स, १८३५, Amazon.in
४४. डा० विलियम हंटर, 'अनाटोमिकल एंड पैथोलॉजिकल प्रिपरेशन्स' भाग एक, युनिवर्सिटी आफ ग्लासगो, क्लासिक रिप्रिंट, Amazon.com
४५. इंटरनेशनल आयुर्वेद मेडिकल रिसर्च (आईएएमजे), फरवरी २०१५, पीएन विनायक एवं जेएसआरए प्रसाद, हैदराबाद विश्वविद्यालय का शोध आलेख
४६. मैथिली शरण गुप्त, भारत- भारती, साहित्य सदन, चिरगाँव, झांसी, उत्तर प्रदेश, १९१२
४७. जी माधवन नायर, पूर्व अध्यक्ष, इसरो का वैदिक भारत की पुनर्स्थापना हेतु आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन, नई दिल्ली, २०१५ में दिया व्याख्यान
४८. पूर्वोक्त
४९. पूर्वोक्त
५०. इंडियाः द मदर आफ अस आल, एंसिएंट इंडियाज वैदिक सिविलाइजेशन, भाग एक, विलियम टी हाथवे, फरवरी २०२०. kindredspirits-co-uk
५१.अटल बिहारी वाजपेयी, जागृति के स्वर, १९७७, लोकहित प्रकाशन, लखनऊ/मेरी इक्यावन कविताएँ, १९९५ किताबघर, नई दिल्ली

**-बी-८ डी.एम आर सी,**
**क्वाटर्स, विधानसभा,**
**मैट्रो स्टेशन, नई दिल्ली-११००५४**

# 'कोरोनाकोपशतकम्' में लोकमंगल की भावना

**–डॉ.अरुण कुमार निषाद**

साहित्य समग्र रूप से मानवता का चिन्तन करता है। लोकमंगल ही साहित्य का मूल होता है। साहित्य सदैव लोकमंगल की बात करता है। उसे समझना होता है है कौन सी बात समाज के हित में है, कौन नहीं। इसी लोकमंगल की भावना को केन्द्र बिन्दु बनाकर कविवर डॉ.बालकृष्ण शर्मा ने अपने शतककाव्य 'कोरोनाकोपशतकम्' की रचना की है।

डॉ.बालकृष्ण शर्मा का जन्म १अप्रैल सन् १९६२ ई. को उ.प्र. के बस्ती जिले के गौरा पाण्डेय नामक ग्राम में हुआ। आपने सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी से उच्च शिक्षा प्राप्त की है। काशी में किये शास्त्रीय अध्ययन से प्राप्त वैदुष्य इनके अध्यापन में एवं काव्य रचनाओं में उभरकर सामने आता है। आपने विभिन्न शास्त्रों का अध्ययन पारंगत आचार्यों की सन्निधि में प्राप्त किया है। डॉ.बालकृष्ण शर्मा वर्तमान में शासकीय संस्कृत महाविद्यालय, लश्कर, ग्वालियर में सह प्राध्यापक एवं साहित्य विभागाध्यक्ष हैं। संस्कृत जगत् को महत्त्वपूर्ण योगदान देने के लिए इन्हें महामहिम राज्यपाल द्वारा म.प्र. संस्कृत बोर्ड का 'वागर्थ सम्मान' (२००७ ई.) से सम्मानित किया गया है। कवि डॉ.बालकृष्ण शर्मा वाग्देवी सरस्वती के समुपासक हैं । कवि डॉ. बालकृष्ण शर्मा पर कविभारती की कृपा छात्र जीवन में ही हो गयी थी। इन्होंने स्फुट पद्य रचनाएं करना आरम्भ कर दिया था । शनैः शनैः प्रवर्धमान वाणी की साधना के फलस्वरूप इन्होंने मातृभूमि के प्रति प्रेमभावना से ओतप्रोत अपनी पहली पूर्ण काव्यकृति 'भारताभिज्ञानशतकम्' के रूप में संस्कृत जगत् को समर्पित की जो दूर्वा (मार्च–नवम्बर १९९८, पृष्ठ १७–३३) में प्रकाशित हुई थी। एक अन्य कृति 'भावपञ्चासिकाकाव्यम्' भी दूर्वा (जनवरी–मार्च २००७, पृष्ठ ६३–७०) में प्रकाशित हुई। कई स्फुट रचनाएँ प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में समय–समय पर प्रकाशित होकर सहृदयों द्वारा सराही गयी हैं। निरन्तर प्रकाशित हो रहीं इन रचनाओं ने कवि को कविगोष्ठियों में सम्मान प्राप्त कराया है। अब तक ये कई बार बड़े मंचों पर संस्कृत काव्यपाठ कर चुके हैं। इनकी ५० से अधिक मौलिक संस्कृत कविताएँ हैं जो राष्ट्रभक्ति, महाकवि कालिदास, भवभूति, प्रशस्ति आदि विषयों पर केन्द्रित हैं। 'कोरोनाकोपशतकम्' डॉ.बालकृष्ण शर्मा द्वारा प्रणीत शतककाव्य है। कोरोनामहाव्याधि पर केन्द्रित इस शतककाव्य में १०२ पद्य शार्दूलविक्रीडित छन्द में निबद्ध हैं। अन्तिम दो पद्यों में कवि का परिचय है। इस काव्य में पद्य के साथ उसका अन्वय, संस्कृत टीका, हिन्दी अनुवाद और काव्यसौन्दर्य भी स्वयं कवि ने दिया है।

डॉ.बालकृष्ण शर्मा इस कोरोना नामक राक्षस से जन मानस की रक्षा के लिए भगवान शंकर का स्मरण करते हैं। वे लिखते हैं कि भगवान भोलेनाथ ही अब हमारी रक्षा कर सकते हैं और कोई नहीं।

**को नावेति समस्तविश्वपटले व्याप्तं महत्ताण्डवं**
**कोरोनासुरकोपसम्भवमहो! को नाम देशः क्षमः ।**

**कोरोनापरिपीडितो जगति वा तस्योपचारेऽखिले**
**को रोद्धुं क्षमते विहाय च शिवं दुष्टस्य दुःखसाहसम् ।।**[1]

भगवान श्रीकृष्ण को याद करते हुए डॉ.बालकृष्ण शर्मा लिखते हैं कि श्रीकृष्ण में ही कोरोना को दूर करने की सामर्थ्य है ।

**कोरोनाकुलमानवीयभुवने नारायणः केवलम्**
**कोरोनानार्तिहरः सदैव जगतां वंशीधरः श्रीधरः**
**को दावाग्निपरीतदीर्घविपिनं पातुं विहायाम्बुदं**
**पारं याति कृषीवलैकशरणं धाराधरं सत्वरम् ।।**[2]

कोरोना से रक्षा के लिए डॉ.बालकृष्ण शर्मा ब्रह्मा, विष्णु, महेश सभी से प्रार्थना करते हैं ।

**कीटाणुर्विभुतामुपैति सपदि प्रच्छन्नरूपो भवे**
**लीलारूपधरस्य यस्य कृपया कारुण्यसम्पूर्णया ।**
**तुच्छः सूक्ष्मवपुः समस्तमनुजानत्तुं समर्थश्चरः**
**विष्णुः सः परिपातु मानवकुलं कोपाद् विषाणोस्सदा ।।** [3]

डॉ.शर्मा जी माँ दुर्गा से कोरोना से बचाव के लिए विनती करते हैं । वे लिखते हैं–

**कोरोनापरिपूरितेषु जगतीद्वीपेषु सप्तेषु हा!**
**हाहाकारमयेषु वै यमपुरी भूमौ हि राराजते ।**
**राजा धर्मपतिर्विषाणुमहिषारूढ़श्च रात्रिन्दिवम्**
**एकैकं कवलीकरोत्यविरतं हे चण्डिके! पाहि न :।।** [4]

कविवर डॉ.बालकृष्ण शर्मा कहते हैं कि भगवान शिव ने सदैव हमारा कल्याण किया है। इस बार भी इस कोरोना महामारी से वही महम सबको बचायेंगे।

**कालेऽस्मिन विकटे विषाणुभरिते को याचते नेश्वरं**
**कल्याणावहमाशुतोषमवनं गौरीशविश्वम्भरम् ।**
**आपन्नञ्च यदा यदा त्रिभुवनं कष्टं तथा सङ्कटम्**
**आपन्नार्त्तिहरस्तदा किल हरो रक्षोत्सदा मानवम् ।।** [5]

**हे विश्वेश! विपत्तिमाशु हरतात् कुख्यातकीटन्तथा**
**शूलेनाजहि सत्वरं च सकलं विश्वम्पुनः फुल्लतात् ।।**

---

१. कोरोनाकोपशतकम्, डॉ.बालकृष्ण शर्मा, अमन प्रकाशन सागर (म.प्र.), प्रथम संस्करण २०२० ई., पृष्ठ संख्या ३०
२. वहीं, पृष्ठ संख्या ३२
३. वहीं, पृष्ठ संख्या ३३
४. वहीं, पृष्ठ संख्या ३८
५. वहीं, पृष्ठ संख्या ५१

**सन्तानस्तव ध्रियते जहि गदं काले समीपे स्थिरे**
**कः पारत्र करोति दुःजलधिं कालस्य पार्श्वे गतः ॥** [६]

**निष्कर्ष**– संसार के सभी मनुष्यों को स्व की अपेक्षा पर को अधिक महत्त्व देना चाहिए। अपने कल्याण के साथ–ही–साथ सबके कल्याण के बारे में सोचना चाहिए । एक अच्छा और सफल साहित्यकार वही है, जो जन–कल्याण के विषय में सोचे ।


**–असि० प्रोफेसर ( संस्कृत विभाग )**
**मदर टेरेसा महिला महाविद्यालय,**
**कटकानपुर, द्वारिकगंज,**
**सुल्तानपुर, उ.प्र.–२२८१३३**


६. वही, पृष्ठ संख्या ५३

# सूर-ए-फातिहा और गायत्री मन्त्र :- एक विवेचन

-डॉ. वाहिद नसरू

**शोधसारः-**

कुरान के प्रथम अध्याय को सूर-ए-फातिहा कहते हैं अरबी भाषा में 'फातिहा' का अर्थ प्रवेश द्वार और विजय प्राप्त करना होता है। इस सूरेह को कुरान का सार भी कहा जाता है। गायत्री मन्त्र सभी चारों वेदों ओ३म का सार है।

प्रकृति के मूल स्वरूप की स्तुति वन्दना आदि करने वालों को सनातन की संज्ञा प्राप्त हुई, जिसको सनातन धर्म कहा जाता है। इस्लाम के अनुसार इस प्रकृति के संचालक और नियन्त्रण को 'र-ब' की संज्ञा प्राप्त हुई और इसे इस्लाम धर्म से अभिहित किया जाता है। संक्षेप में कहा जा सकता है कि प्रकृति के भिन्न भिन्न तत्त्वों की स्तुति करने वाली परम्परा को सनातन धर्म और प्रकृति को भी नियन्त्रण करने वाली परम्परा और आस्था को ईस्लाम धर्म के नाम से जाना जाता है। यह शोधपत्र सर्व-धर्म-साम्य की भावना से **( एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति )** के द्वारा ज्ञान के ऐसे अनेक के साधनों को प्रकाश में लाएगा जिस कारण हम परस्पर शिक्षण सम्बन्धी विषयों पर शोध कर सकते हैं। इस विश्लेषणात्मक अध्ययन से वेदान्तियों को ईस्लाम धर्म से और इस्लाम धर्म के अनुयायिओं को सनातन धर्म के प्रति आदर की भावना उत्पन्न होगी। इस कारण सभी में भाई-चारा की भावना उत्पन्न होगी। प्रस्तुत शोधपत्र में सूर-ए-फातिहा और गायत्री मन्त्र पर तुलनात्मक दृष्टि से प्रकाश डाला जाएगा।

**कुँजी शब्दः** गायत्री मन्त्र, सूरेह फातिहा, भूः, भवः, स्व, ब्रह्माण्ड, सन्ध्या वन्दना।[१]

**महत्त्व-**

सम्प्रति न केवल भारत वर्ष में अपितु सम्पूर्ण संसार में भ्रातृत्व धार्मिक सद्भाव, सामाजिक एकता, राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रप्रेम लगभग समाप्त हो गया है, आपसी संघर्ष और भेदभाव ने जन्म ले लिया है। बहुत से संगठन अपने स्वार्थ के निमित्त धर्म, जाति व नस्ल के नाम साम्प्रदायिकता, अलगाववाद और आतंकवाद जैसी विनाशकारी परिस्थितियों को जन्म देकर समाज के शान्त वातावरण को अशान्त कर देते हैं। न केवल धार्मिक उन्मादी अपितु राजनेता भी अपने राजनैतिक लाभ के लिए अकल्याणकारी विचारों को कल्याणकारी रूप देकर साधारण व्यक्तियों को धोखा देकर समाज के भाई चारे में धर्म नाम का विष घोल देते हैं।

**परिचय-**

सृष्टि के उषाकाल से ही मानव में अपने चित्त की शान्ति के लिए प्रकृति के रूप में अनेक दैवीय शक्तियों की पूजा अर्चना की परम्परा सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड में होती थी। सूर्य, चन्द्र, तारक, वृक्ष, पर्वत, सरिता, अग्नि और जल

१. प्रस्तुत शोधपत्र में मैंने अधिक विस्तार के भय से गायत्री मन्त्र से सम्बन्धित वेदों और उपनिषदों के अन्य मन्त्रों और सूरह फातिहा से सम्बन्धित कुरान की अन्य आयतों और हदिसों का उद्धरण नहीं दिया है।

आदि के रूप में प्रकृति के भिन्न भिन्न तत्त्वों की स्तुति, उपासना और प्रार्थना की परम्परा का श्रीगणेश हुआ। मानव ने अपने सीमित ज्ञान, विवेक और शक्ति के माध्यम से उस परमतत्त्व से निकटता प्राप्त करने का प्रयत्न किया था। इस सुगम मार्ग के अन्वेषण के कारण ही अनेक पंथ (धर्म) और सम्प्रदायों ने जन्म लिया।

तदन्नतर नित्य नैमित्तक कर्मो को धर्म की संज्ञा प्राप्त हुई। उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर कहा जा सकता है कि वेद इस संसार के अति प्राचीन ही नहीं सर्वप्रथम उपलब्ध ग्रन्थ हैं, और कुरआन आज से १४४५ वर्ष पूर्व अर्थात् सन् ७८० ई० में अवतरित हुआ ग्रन्थ है। कुरआन के अनुसार, कुरआन सृष्टि के बनने के से भी पूर्व लौह-ए-महफुज अर्थात् आसमान पर लिखा हुआ था, यह केवल एक आस्था है और लिखित प्रमाण कुरआन का सन्दर्भ है।

**चर्चा-**

गायत्री मन्त्र का वर्णन ऋग्वेदसंहिता, यजुर्वेदसंहिता, सामवेदसंहिता और अथर्ववेदसंहिता चारों संहिताओं और उपनिषदों में प्राप्त होता है। संहिताओं को आधार मानकर जितनी विचार धाराएँ चलीं, उन सभी में गायत्री मन्त्र को सर्वप्रमुख स्थान दिया गया है। कठोपनिषद में कहा गया है कि सभी वेद जिस तत्त्व का प्रतिपादन करते हैं उसे संक्षेप में ओ३म् कहते हैं।

गायत्री मन्त्र को अनेक नामों से जाना जाता है, कुछ विशेष नामों का यहाँ वर्णन किया जाता है।[२]

१. **गायत्री**- गायत्री मन्त्र में गायत्री छन्द है, इस कारण इस को 'गायत्री मन्त्र' कहते हैं।

२. **सावित्री**- इस गायत्री मन्त्र में सविता देवता की स्तुति की जाती है, इस कारण गायत्री मन्त्र को 'सावित्री मन्त्र' भी कहते हैं।

३. **गुरुमन्त्र**- वेदों का अध्ययन आरम्भ करते समय गुरु अपने शिष्य को गायत्री मन्त्र का उपदेश करता है, इसलिए इस गायत्री मन्त्र को 'गुरु मन्त्र' भी कहा जाता है।

४. **वेदमाता**- अथर्ववेद में इस गायत्री मन्त्र को 'वेदमाता पाम' से भी अभिहित किया गया है- **ऊँ स्तुतया मया वरदा वेदमाता प्र चोदयन्तां पावमानी द्विजानाम्। आयुः प्राणं प्रजां पशुं कीर्तिं द्रविणं ब्रह्मवर्चसम्। मह्यं दत्त्वा व्रजत ब्रह्मलोकम् ।** अथर्ववेदसंहिता १९/७१/१

५. **मन्त्रराज**- चारों वेदों में इस गायत्री मन्त्र को श्रेष्ठता प्राप्त है, इस कारण इस को 'मन्त्रराज' भी कहा जाता है।

६. **वेदमुख**- चारों वेदों में गायत्री मन्त्र को मुख्य स्थान प्राप्त है, इस कारण इस को 'वेदमुख मन्त्र' की संज्ञा प्राप्त होती है।

७. **कामधेनु**- गायत्री मन्त्र का जाप करने से सभी प्रकार की इच्छाएँ पूर्ण हो जाती हैं, **अनेन जपोपासनादि कर्मणा धर्मार्थकाममोक्षाणाम् सद्यः सिद्धिर्भवेन्न।** इसलिए इस मन्त्र को 'कामधेनु मन्त्र' भी कहते हैं।

---

२. सन्ध्यापद्धतिमीमांसा, आचार्य विश्वश्रवाः, सत्यार्थ प्रकाशन, पृष्ठ ५२,

इस्लाम धर्म के विद्वानों ने कुरान करीम और हदीसों के आधार पर सूर-ए फातिहा को अनेक नामों से अभिहित किया जाता है, जो इस प्रकार है [३]-

१. **अल-हम्द**- इस सूर-ए फातिहा में अल्लाह की हम्द (प्रशंसा) की गई है। इस कारण सूर-ए फातिहा का एक नाम 'अल-हम्द' भी है।

२. **फातहुल किताब**- कुरान मजीद का पठन पाठन, लेखन और नमाज का प्रारम्भ इसी सूर-ए से होता है, इस कारण इस सूर-ए को 'फातहुल-किताब' कहते हैं।

३. **उम्मुल कुरान**- इस सूर-ए को 'उम्मुल कुरआन' इसलिए कहते है कि इस सूर-ए में कुरान-ए-करीम के अर्थों का वर्णन संक्षिप्त रूप में किया गया है।

४. **कुरानुल अजीम**- इस सूर-ए में सभी कुरआनी उलूम (कुरान का ज्ञान) का वर्णन किया गया है। इस कारण इस सुरेह को 'कुरानुल अजीम' कहा जाता है।

५. **सूरेह शिफा**- इस सूर-ए फातिहा को पढ़ने से सफा यानी बिमारियों का निवारण होता है, इसलिए इस को 'सूर-ए शिफा' भी कहा जाता है।

६. **अल सुब्ह मसानी**- इस सूर-ए फातिहा में सात आयतें हैं और हर नमाज की हर रक्अत में इन आयतों को पढ़ा जाता है, इसलिए इस सूर-ए का दूसरा नाम 'अल सुब्ह मसानी' भी हैं।

७. इमाम तिरमिजी ने अबू हुरैरा से कथन लिया है, कि रसूलुल्लाह ने कहा कि सूर-ए अल्हम्दुल्लिाह 'उम्मुल कुरान' है **'उम्मुल किताब'** है और **'सबअे मसानी'** है।

गायत्री मन्त्र और सूर-ए फातिहा का शाब्दिक अर्थ करने पर इन दोनों के मध्य विवेचन करना सरल हो जायगा, इस कारण सर्वप्रथम गायत्री मन्त्र का शाब्दिक अर्थ प्रस्तुत किया जाता है।

**ऊँ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।**

**ऊँ** - परमेश्वर के सभी नामों में अक्षर सिद्ध नाम।

**सवितु**- जो सम्पूर्ण जगत् को उत्पन्न करने वाला और ऐश्वर्य का देने वाला है।

**देवस्य**- जो सभी की आत्माओं का प्रकाश करने वाला और सभी सुखों का दाता है। उसका

**वरेण्यम्**- जो अत्यन्त ग्रहण करने वाला है।

**भर्गः**- शुद्ध विज्ञान रूप है। (तत्) उसको-

**धीमहि** - हम लोग सदा प्रेमभक्ति से निश्चय करके अपने आत्मा में धारण करें। किस प्रयोजन के लिए? कि (यः) जो पूर्वोक्त सविता देव परमेश्वर है, वह (नः) हमारी-

**धियः**- बुद्धियों को

**प्रचोदयात्**-कृपा करके सभी बुरे कामों से अलग करके सदा उत्तम कामों में प्रवृत्त करें।

३. कुरआन मजीद, तैसीरूर्रहमान लि बयानिल कुरान, तफसीर डा० मुहम्मद मुहम्मद सलफी, प्रकाशक अल्लामा इब्ने बाज इस्लामिक स्टडीज सेन्टर, भारत।

कुरआन मजीद में एक सौ चौदह सूराह अर्थात् अध्याय हैं। सूरेह फातिहा कुरआन मजीद की प्रथम सूरेह है, इस सूरेह में सात आयत और एक रूकूह है। सूरेह फातिहा की सभी सात आयतों का अर्थ अलग-अलग इस प्रकार है-

**'बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम'** - मैं शुरू करता हूँ अल्लाह के नाम से जो बड़ा कृपा करने वाला, बड़ा दया करने वाला है।

१ **'अल्हम्दु लिल्लाहि रब्बिल-आलमीन'** आयत (१) सभी तारीफ/प्रशंसाएँ अल्लाह के लिए हैं, जो सारे संसारों का पालने वाले हैं।

२ **'अर्रह्मानिर्रहीम'** आयत (२) बड़ा कृपा करने वाला और दया करने वाला है।

३ **'मालिकि यौमिद्दीन'** आयत (३) इन्साफ (न्याय) के दिन का मालिक है।

४ **'इय्या-क-नअबुदु व इय्या-क-नस्तअीन'** आयत (४) हम तेरी ही बन्दगी (उपासना) करते हैं और तुझ ही से मद्द चाहते हैं।

५ **'इह्दिनस्-सिरातल्मुस्तक़ीम'** आयत (५) हमें सीधे रास्ते पर चला।

६ **'रातल्लजी-न अनअम-त अलैहिम'** आयत (६) उन लोगों के रास्ते पर जिन पर तूने कृपा की।

७ **ग़ैरिल्-मग़ज़ूबि अलैहिम् वलज़्ज़ाल्लीन** आयत (७) उन के रास्ते पर नहीं जिन पर तेरा प्रकोप उतरा, और न उनके रास्ते पर जो भटक गये।

सम्पूर्ण गायत्री मन्त्र को उपास्य की दृष्टि से तीन भागों में विभाजित किया जाता है, स्तुति भाग, उपासना भाग, और प्रार्थना भाग। **( भूः ) कर्मविद्याम्, ( भुवः ) उपासनाविद्याम्, ( स्वः ) ज्ञानविद्याम्।**[४] अर्थात् **भूः** का अर्थ कर्मविद्या, **भुवः** का अर्थ उपासना विद्या और **स्वः** का अर्थ है ज्ञान विद्या। ज्ञान, कर्म, और उपासना इन तीनों के द्वारा प्रभु प्राप्त होते हैं।

**स्तुति**- आदर भाव से किसी के गुणों का कथन करना। जिसमें उपासक अपने उपास्य देव का गुणगान करता है। वह रचना, पद, या कथन जिसमें किसी की स्तुति, प्रशंसा आदि का वर्णन हो।

**उपासना**- जिससे ईश्वर ही के आनन्दस्वरूप में अपने आत्मा को मग्न करना होता है, उसे उपासना कहते हैं।

**प्रार्थना**- प्रार्थना एक धार्मिक क्रिया है, जो ब्रह्माण्ड की किसी महान शक्ति से सम्बन्ध जोड़ने की कोशिश करती है। प्रार्थना व्यक्तिगत भी हो सकती है और सामूहिक भी।

गायत्री मन्त्र के तीन भाग इस प्रकार किए जाते हैं-

स्तुति भाग (१) ओ३म, (२) भूः, (३) भुवः, (४) स्वः, (५) तत्, (६) सवितुः, (७) वरेण्यं, (८) भर्गः, (९) देवस्य। गायत्री मन्त्र में यह नौ नाम हैं। इन नौ नामों के द्वारा ईश्वर की प्रशंसा होती है। यह गायत्री मन्त्र का 'स्तुति भाग' है।

**उपासना भाग**- ईश्वर की पूजा अथवा ध्यान की ओर संकेत **'धीमहि'** करता है। यह गायत्री मन्त्र का 'उपासना भाग' है।

---

४. सन्ध्यापद्धतिमीमांसा, आचार्य विश्वश्रवाः, सत्यार्थ प्रकाशन, पृष्ठ २९६,

**प्रार्थना भाग** – उचित मार्ग प्रकाशित करे इस का संकेत **'धियो यो नः प्रचोदयात'** करता है। यह गायत्री मन्त्र का 'प्रार्थना भाग' है।

सम्पूर्ण सूरेह फातिहा को भी कुरआन मजीद के विद्वानों ने उपास्य की दृष्टि से तीन भागों में विभाजित किया है। सूरेह फातिहा में प्रथम तीन आयतों में अल्लाह की इस प्रकार **'हम्द ओ सना'** यानी स्तुति और विशेषता वर्णित की गई है कि कुरआन का पठन-पाठन करने वालों को एक ऐसा सान्निध्य जैसा अनुभव उत्पन्न हो जाता है कि जैसे पाठन करने वाला स्वयं अल्लाह से कथन कर रहा हो। यह सूरेह फातिहा का **'स्तुति'** और **गुण** (हम्द ओ सना) भाग है।

सूर-ए फातिहा की चौथी आयत में **'उपासना'** के रूप में अल्लाह का वर्णन किया गया है। जैसे पास में उपस्थित किसी से वार्तालाप कर रहे हों कि हे ईश्वर! तेरा अस्तित्व ही पूजा के योग्य है और किसी को कुछ देने योग्य भी केवल तू ही है अर्थात् किसी से याचना नहीं करनी चाहिए केवल तू ही याचनाओं को पूरा करने वाला है। यह सूरेह फातिहा का **'उपासना भाग'** है। और इस सूरेह फातिहा की अन्तिम तीन आयतों में अल्लाह से **'दुआ'** (प्रार्थना) का है कि तू हमारी इस प्रार्थना को पूरा कर। यह सूरेह फातिहा का **'दुआ भाग'** है। इस सूरेह में सम्पूर्ण कुरआन का सार वर्णित किया गया है। गायत्री मन्त्र में पाँच स्थानों पर विश्राम करना चाहिए। विश्राम करने के अर्थ है, इस गायत्री मन्त्र का जाप करते हुए प्रत्येक विश्राम पर क्षणभर के लिए श्वास को विश्राम अर्थात् रोकना चाहिए। **प्रथम विश्राम** ओ३म् पर, **दूसरा विश्राम** भूर्भवः स्वः पर, **तीसरा विश्राम** तत्सवितुः पर, **चतुर्थ विश्राम** भर्गो देवस्य धीमहि पर, **पंचम विश्राम** धीयो यो नः प्रचोदयात् पर करना चाहिए।

कुरान-ए-करीम का सूरेह फातिहा में सात आयत हैं। हर आयत पर साँस लेना चाहिए अर्थात् इस सूर-ए में सात विश्राम हैं जो इस प्रकार है- **'अल्हम्दु लिल्लाहि रब्बिल-आलमीन'** पहली आयत, पहला विश्राम। **'अर्रह्मानिर्रहीम'** दूसरी आयत, दूसरा विश्राम। **'मालिकि यौमिद्दीन'** तीसरी आयत, तीसरा विश्राम। **'इय्या-क-नअ़बुदु व इय्या-क-नस्तअ़ीन'** चौथी आयत, चौथा विश्राम। **'इह्दिनस्-सि़रात़ल्मुस्तक़ीम'** पाँचवी आयत, पाँचवा विश्राम। **'सि़रातल्लज़ी-न अनअम-त अलैहिम'** छठी आयत, छठा विश्राम। **ग़ैरिल्- मग़्ज़ूबि अ़लैहिम् वलज़्ज़ाल्लीन'** सातवीं आयत, सातवाँ विश्राम।

गायत्री मन्त्र में तीन पाद होते हैं, और ऋग्वेद से प्रथम पाद, यजुर्वेद से द्वितीय पाद और सामवेद से तृतीय पाद लिया गया है।

| | |
|---|---|
| तत्सवितुर्वरेण्यमिति सावित्र्याः | प्रथमः पादः, पृथिव्या ऋचं समदधात् ...................... |
| भर्गो देवस्य धीमहीति सावित्र्याः | द्वितीयः पादः, अन्तरिक्षेण यजुः समदधात् ................ |
| धियो यो नः प्रचोदयदिति सावित्र्याः | तृतीयः पादः, दिवासाम समदधात् ..........................५ |
| अर्थ-: गायत्री मन्त्र का प्रथम पाद है- | **'तत्सवितुर्वरेण्यम्'** यह ऋग्वेद से लिया गया है। |
| गायत्री मन्त्र का द्वितीय पाद है- | **'भर्गो देवस्य धीमहि'** यह यजुर्वेद से लिया गया है। |
| गायत्री मन्त्र का तृतीय पाद है- | **'धियो यो नः प्रचोदयात्'** यह सामवेद से लिया गया है। |

५. गोपथब्राह्मण अध्याय प्रथम, मन्त्र ३४, ३५, ३६,

तीन संहिताओं से तीन पाद लेने का अभिप्राय यह है कि ब्रह्म की स्तुति, गुणगान ऋग्वेद में किया गया है गायत्री मन्त्र के प्रथम पाद में ब्रह्मा की स्तुति ही की गई है, अतः गायत्री मन्त्र का प्रथम पाद ऋग्वेद से लिया गया है। यजुर्वेद में कर्मकाण्डों का वर्णन किया गया है। गायत्री मन्त्र के द्वितीय पाद में भक्त के द्वारा अपने इष्ट देवता के लिए कर्म का विधान है कि भक्त ईश्वर के किस स्वरूप की छवि को अपने मन में धारण करे। इस कारण गायत्री मन्त्र का द्वितीय पाद यजुर्वेद से लिया गया है। प्रभु की उपासना का वर्णन सामवेद में किया गया है। गायत्री मन्त्र के तृतीय पाद में प्रभु से प्रार्थना की जा रही है कि हमारा उचित मार्गदर्शन करें अर्थात् हमारी बुद्धि को प्रकाशित करें। सूर-ए फातिहा की सभी सात आयतों का अर्थ विस्तार पूर्वक पृथक् पृथक् इस प्रकार है–

**बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम :** शुरू अल्लाह का नाम लेकर, जो बड़ी कृपा करने वाला, बड़ा दया करने वाला है।

१. सूर-ए फातिहा आयत ''प्रथम अल्हम्दु लिल्लाहि रब्बिल-आलमीन'' आयत (१) अर्थात् सभी तारीफ/प्रशंसाएँ अल्लाह के लिए हैं, जो सारे संसारों का पालने वाला है। अ़लम का अर्थ अरबी भाषा में चक्र होता है जैसे मूलाधार चक्र, स्वाधिष्ठान चक्र और फारसी भाषा में 'चरख' और फारसी सूफीदर्शन में 'फलक' नाम से भी अभिहित किया जाता है। सूर-ए फातिहा की इस आयत में अ़लम का बहुवचन आ़लमीन प्रयोग हुआ है। इस आ़लमीन शब्द न केवल तीन लोक भूलोक, अन्तरिक्षलोक और द्युलोक का वर्णन किया गया है बल्कि इनके अतिरिक्त जितने भी लोक हैं, और उन लोकों में जो भी विद्यमान है, उन सभी का स्वामी अल्लाह ही है। अर्थात् सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड का स्वामी अल्लाह है। इस आयत में 'र-ब' का अर्थ ईश्वर के अतिरिक्त 'मार्ग दर्शक' भी किया जाता है। यानी अल्लाह सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड का मार्ग दर्शक है। इस प्रकार अल्लाह पर विश्वास करने वाले अर्थात् अपने भक्तों का मार्ग दर्शन करना संसार के जीवन के लिए विशेष रूप से लाभ पहुँचाता है।

२ सूर-ए फातिहा आयत द्वितीय- 'अर्रह्माननिर्रहीम'(२) अर्थात् बड़ी कृपा करने वाला और दया करने वाला है। अल्लाह प्रत्येक अच्छा कार्य करने को प्रेरित करता है और सभी प्रकार के अनुचित कर्मों से हमें रोकता है।

आयत प्रथम और द्वितीय का सम्मिलित अर्थ इस प्रकार है- अल्लाह सम्पूर्ण संसार का पैदा करने वाला और तदबीर (मार्गदर्शन) करने वाला है, और बेनियाज़ी (अनन्त) कृपाओं को अपने बन्दों (प्राणियों) पर न्यौछावर, प्रेषित करने वाला वह अकेला है। पृथिवी, आकाश और द्युलोक के सभी चर और अचर प्रत्येक दृष्टिकोण से उस पर निर्भर हैं।

३ सूर-ए फातिहा आयत तृतीय- 'मालिकि यौमिद्दीन' (३) अर्थात् इन्साफ (कयामत, न्याय) के दिन का स्वामी है। कयामत / प्रलय के दिन को 'यौमिद्दीन' इसलिए कहा जाता है, क्योंकि वह कर्मों के फल का दिन होगा। जिसने इस संसार में जैसा कर्म किया होगा उसे उसी के अनुसार उस का फल/दण्ड मिल कर रहेगा। कुरान में एक दूसरी आयत में इस प्रकार आता है कि-- जिस दिन तुम लोग अल्लाह के सामने पैश किए जाओगे, उस दिन तुम से कोई चीज छुपी नहीं रहेगी।

४. सूर-ए फातिहा आयत चतुर्थ **'इय्या-क-नअबुदु व इय्या-क-स्तऒी'** (४) अर्थात् हम तेरी ही बन्दगी (उपासना) करते हैं और तुझ ही से मदद चाहते हैं। हम तेरी ही इबादत करते हैं और तेरे अतिरिक्त किसी की इबादत[६]/पूजा नहीं करते हैं। हम तुझ से ही सहायता चाहते हैं, तेरे अतिरिक्त किसी से सहायता नहीं चाहते। इस्लामिक विद्वान इब्न अब्बास इस आयत की व्याख्या कुछ इस प्रकार करते है-'हम तेरी तौहीद (अद्वैतता) बयान करते हैं, ऐ हमारे रब ! और तुझ ही से डरते हैं, और तुझ ही से मदद मांगते हैं'।

५. सूर-ए फातिहा आयत पंचम- 'इदिनस्-स़िरातल्मुस्तक़ीम' (६) अर्थात् हमें सीधे रास्ते पर चला। सर्वशक्तिमान ईश्वर की स्तुति करके उसको प्रसन्न करने के बाद पूर्ण श्रद्धाभाव से अपनी भक्ति को प्रकट करने के पश्चात् (कि तेरी ही भक्ति करते हैं और तुझ से ही सहायता चाहते हैं।) अब वह भक्त (मनुष्य) अपने इष्ट देव (अल्लाह) से अपनी भक्ति भाव के साथ कुछ मांगने की इच्छा करता है कि ऐ अल्लाह! हमें सीधे रास्ते की ओर ले चल। ''हिदायत'' का अर्थ मार्गदर्शन और शक्ति है। ''सिरातल मुस्तकीम'' से उद्देश्य वह प्रकाशित (सीधा रास्ता, मार्ग) जिसमें टेढ़ापन न हो। यहाँ पर इस संसार के सांसारिक रास्ते का वर्णन नहीं है, बल्कि उस रास्ते का वर्णन है जिसके द्वारा आप ईश्वर से सान्निध्य प्राप्त का सकें, और सीधे-सीधे आत्मतत्त्व की प्राप्ती हो सके। कुरआन और जन्नत का रास्ता यानी धर्मशास्त्राओं में वर्णित मार्ग पर हमें चला।

कुरान के द्वारा अल्लाह हमें सूचित करता है कि वह भक्त की इच्छानुसार उसे कुशल मार्गदर्शन कराता है, और किसी भी प्रकार के पथभ्रष्ट हुए, सन्देहों के अन्धेरों और अज्ञान से निकाल कर 'नूर-ए-हक' (सत्य का प्रकाश) के साफ और स्वच्छ प्रकाश में लाकर खड़ा कर देता है।

६. सूरेणरेह फातिहा आयत षष्ठ 'स़िरात़ल्लज़ी-न अनअ़म त अ़लैहिम'(६) अर्थात् उन लोगों के रास्ते पर जिन पर तूने कृपा की। साधारण शब्दों में कहा जा सकता है कि ईश्वर और उसके अवतारों का रास्ता और उन महापुरुषओं का रास्ता जिन पर तूने कृपा की है। कुरआन सूचित करता है कि वह भक्त की इच्छानुसार उसें कुशल मार्गदर्शन करता है।

७. सूर-ए फातिहा आयत सप्तम् 'ग़ैरिल्-मग़ज़ूबि अ़लैहिम् वलज़्ज़ाल्लीन' (७) अर्थात् उन महापुरुषों के मार्ग पर नहीं जिन पर तेरा प्रकोप उतरा, और न उनके मार्ग पर जो भटक गये। आयत संख्या छः में उचित मार्ग का वर्णन करने के पश्चात् आयत संख्या सात में अनुचित मार्ग का वर्णन किया गया है, कि वह अनुचित मार्ग क्या है - जो मनुष्य सत्य को पहचान कर भी उस मार्ग का अनुसरण नहीं करते।

---

६. इबादत का अर्थ है अपने आप को विनम्रता पूर्वक किसी के आगे झुकाना। इस्लामी शरीयत में इबादत हर उस काम को कहते हैं, जिसमें अल्लाह के लिए हार्दिक प्रेम के साथ विनम्रता और भय शामिल हो।

कुरान के अनुसार कुरान के अवतरण से पूर्व समय-समय पर नवियों और पैगम्बरों (अवतरित भगवान) को उचित मार्ग दर्शन के लिए इस संसार में भेजा।[७] तौरात, जबूर और इन्जील में भी सत्य और असत्य मार्ग तथा उचित और अनुचित का वर्णन कर दिया गया था। अन्ततोगत्वा सत्य मार्ग का पालन नहीं किया और असत्य मार्ग का अनुसरण किया था। ऐसे अज्ञानियों का पुनः **''सिराते मुस्तकीम''** सीधा रास्ता दिखाने के लिए अल्लाह ने कुरआन-ए-करीम को नाजिल (अवतरित) किया है।

मुस्लिम विद्वानों ने लिखा है। कि **'वलज़्ज़ाल्लीन'**की **'ला'** ताकीद अर्थात् दिशा निर्देशन के लिए है कि, श्रोता के मन और दिल में बैठाने के लिए यहाँ पर दो पृथक-पृथक मार्गों का वर्णन है। एक यहूदियों का रास्ता है और दूसरा ईसाईयों रास्ता है। ईमान वालों को दोनों ही मार्गों से बचने को कहा गया है। यहूदियों ने सत्य को पहचानने के बाद भी उसका अनुसरण नहीं किया इसलिए अल्लाह के प्रकोप के भोगी बने, और ईसाईयों ने सत्य को पहचाना ही नहीं। क्योंकि उन लोगो ने उस मार्ग का अनुसरण ही नहीं किया था, जिस मार्ग का अनुसरण करके मनुष्य सत्य को प्राप्त करता है। इसलिए वह भटक गये।[८]

**ऊँ , भूः, र्भुवः, स्वः, तत्, वरेण्यम्। भर्गः।** इत्यादि विशेषण जो गायत्रीमन्त्र में वर्णित हैं, वे ब्रह्म के स्वरूप के तो हो सकते हैं, परन्तु ये विशेषण सूर्य में नहीं घट सकते। सूर्य एक भौगोलिक पदार्थ है, और एक भौगोलिक पदार्थ सूर्य को ब्रह्म समझना और तत्परक गायत्री को करना विचित्र ही बात है। सूर्य ब्रह्म नहीं है, प्रत्युत सूर्य में भी जो व्यापक है, वह ब्रह्म है-[९]

**योऽ सावादित्ये पुरुषः सोऽ सावहं ओ३म् ब्रह्म ( यजुर्वेद ४०/१७ )**

अर्थात्-जो सूर्य में भी व्यापक पुरुष है वह मैं ओ३म् नाम वाला सर्वत्र व्यापक और सबसे बड़ा हूँ। यह भगवान की निज सम्बन्ध में उक्ति है।

कुछ विद्वानों ने अनेक प्रकार की गायत्री मन्त्र की रचना स्वयं कर रखी है। गायत्री मन्त्र केवल एक ही प्रकार का है जैसा की यजुर्वेद में वर्णित है, जो इस प्रकार है-

७. जिनकी संख्या एक लाख चौबीस हजार बताई गई है। उनमें से कुरान में केवल पच्चीस नवियों और में पैगम्बरों का नाम मिलता है, जिनमें पाँच प्रमुख हैं। सम्भवतः राम और कृष्ण की गणना भी उन्हीं एक लाख चौबीस हजार में होती हो परन्तु मुस्लिम विद्वानों के अनुसार कुरान पर विश्वास करने वालों को केवल उन्हीं पच्चीस नवियों और पैगम्बरों पर ईमान रखना है जिनका वर्णन कुरान में प्राप्त होता है।

कुरान के अनुसार अल्लाह ने समय समय पर अनेक धार्मिक ग्रन्थ भी अपने नवियों और पैगम्बरों पर उतारे जिन में चार आसमानी किताब तौरात, ईन्जील, बाईबिल और कुरान प्रमुख है। मुसलमान विद्वानों के अनुसार श्रीमद्भागवत् वेद, उपनिषद और गीता भी असमानी ग्रन्थ हो सकते हैं। परन्तु कुरान के अनुयायियों को ईमान और विश्वास केवल उन्हीं पर करना है जिन चार आसमानी किताबों का वर्णन कुरान में प्राप्त होता है।

८. कुरआन मजीद, तैसीरूर्रहमान लि बयानिल कुरान, तफसीर डॉ. मुहम्मद मुहम्मद सलफी, पृष्ठ २२, प्रकाशक अल्लामा इन्ने बाज इस्लामिक स्टडीज सेन्टर, भारत।

९. सन्ध्यापद्धतिमीमांसा, आचार्य विश्वश्रवाः, सत्यार्थ प्रकाशन, पृष्ठ ४०,

**ऊँ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्। ( यजुर्वेद ३६/३ )**
वेदों में जहाँ कहीं पर भी गायत्री मन्त्र आया है वह समान रूप से ऐसा ही सर्वत्र है। 'एवं चतुर्षु वेदेषु समानो मन्त्रः' इस प्रकार तथ्य के साथ कहा जा सकता है कि गायत्री मन्त्र एक ही प्रकार का है। इस ब्रह्माण्ड को तीन विभागों में बाटा जाता है। द्युलोक, पृथिवीलोक और अन्तरिक्षलोक। इन तीनों लोकों का निर्माण प्रभु ने किया और स्वः=उनके मध्यवर्ती लोक-लोकान्तरों का निर्माण किया तथा इन लोकों जो सुख विशेष पदार्थ हैं उनका निर्माण भी प्रभु ने किया है। ये लोक कोरे नहीं हैं कि इनमें कुछ न हो इनमें प्रत्येक पदार्थ सुखदायक है। प्रभु ने एक भी पदार्थ दुःखदायक नहीं रचा। हम स्वयं दुरुपयोग के द्वारा पदार्थों को दुःखदायक बना लेते हैं।

**निष्कर्षः** -

किसी भी प्रकार का प्रार्थना केवल और केवल प्रभु से ही करनी चाहिए जो प्रभु अति कृपालु है, उस को छोड़कर किसी अन्य की उपासना या किसी से याचना नहीं करनी चाहिए। जबकि शास्त्रों में यहाँ तक वर्णित है कि प्रभु से भी प्रार्थना भेदभाव रकर नहीं करनी चाहिए। एकात्मता अनुभव करके ही प्रभु की उपासना होती है। तब अन्य की प्रार्थना को शास्त्र कब अनुमति दे सकता है। शतपथब्रह्मण का कथन है कि- **योऽन्यां देवमुपास्ते**- यह शोधपत्र सनातन धर्म और ईस्लाम के मूल सैद्धान्तिक रूप को प्रकाशित करेगा तो स्वार्थियों को नश्वर संसार से वैराग्य और सास्वत सत् (ब्रह्म) से प्रेम होगा और धार्मिक उन्मादियों को धर्म (पन्थ, कर्तव्य) के सही रूप का ज्ञान होगा, मनुष्यों को धर्म अधर्म का बोध होगा और अकल्याणकारी स्वार्थी ताकतों का भी उचित मार्गदर्शन होगा।

(इति)

**-सहायक प्रवक्ता, संस्कृत,**
**मध्य एशियाई अध्ययन केन्द्र,**
**कश्मीर विश्वविद्यालय, श्रीनगर, भारत**

# नारी सशक्तिकरण :
# वैदिक कालीन एवं आधुनिक संदर्भ के परिपेक्ष्य में

- डॉ. संजय शर्मा

सारांश वैदिक ग्रंथों के अध्ययनोपरान्त ज्ञात होता है कि तत्कालीन नारी की दशा अत्यंत उन्नत और परिष्कृत थी तथा मानव जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में वह समान रूप से आदृत और प्रतिष्ठित थी। वैदिक कालीन नारी का समाज में सम्मानीय और गरिमामय स्थान था। वैदिक कालीन नारी में अनेकानेक गुण थे जिसके कारण देवी और श्री के रूप में आदृत और सम्मानित थी। वैदिक युगीन स्त्री अपनी अस्मिता को बनाए रखने हेतु कृत संकल्प रहती थी। तत्कालीन नारी हर क्षेत्र में अपना योगदान दे रही थी। वैदिक वर्णनों से परिलक्षित होता है कि तत्कालीन नारी अपने विकास हेतु जागरूक थी। वैदिक काल में स्त्री को उच्च स्तर प्रदान किया जाता था। वर्तमान में महिलाओं ने ऐतिहासिक उदाहरणों के अध्ययनोपरांत अपनी मेहनत और आत्मविश्वास के आधार पर अपने लिए नई मंजिलें, नये रास्तों का निर्माण किया है। महिलाओं की स्थिति में सुधार ने देश के आर्थिक, सामाजिक एवं राजनैतिक मायने ही बदल दिए हैं। नारी उत्थान में ही भारत के उज्जवल भविष्य की सम्भावनाएं सन्निहित हैं।

**मूल शब्द – महिला सशक्तिकरण संवैधानिक प्रयास, योजना तथा नीति द्वारा प्रयास**

**परिचय**– प्राचीन काल से भारतीय सभ्यता तथा संस्कृति में नारी का महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है। नारी अपने सृजनशीलता और कलात्मक प्रवृत्तियों से नर की सृष्टि की पूर्णता प्रदान करती आ रही है ।

नारी शब्द नृ धातु अथवा नर शब्द से बना है नृ+अच् ङीन नारी। महाभाव्य में आचार्य पतांजलि ने कहा है।

**नृधर्म्यान् नारी नरस्यापि नारी ( महाभाष्य ४, ४, ९ )।**

इसी नारी शब्द के लिए '**स्त्री**' शब्द जितना अधिक व्यापक है उतना ही अधिक प्रचलित भी है। वैदिककाल में प्रसिद्धि पा चुका ये स्त्री शब्द आज भी भारत की लगभग सभी भाषाओं में अपना स्वरूप किसी न किसी रूप में बनाये हुए है। स्त्री शब्द स्त्यै शब्दसंघात्यो धातु पूर्वक इट् एवं ङीप प्रत्यय से सिद्ध होता है (स्त्यै+इट्+ङीप=स्त्री) आचार्य पाणिनि के मत में स्त्यै शब्द संघात्यो इस धातु के अनुसार स्त्री शब्द का अर्थ शब्द करना एवं इकट्ठा करना स्पष्ट होता है जबकि, आचार्य यास्क के मत में **स्त्रियाँ सत्यायन्ते अपत्र पर्णकर्मणः** (निरुक्त ३/२१/२) अर्थात् स्त्री का स्त्रीत्व उसके लज्जा होने में ही है, ऐसा अर्थ किया है एवं आचार्य दुर्ग ने भी निरुक्त की टीका में लिखा है– **लज्जार्थस्य लज्जन्ते अपि ताः** अर्थात् वे लजाती हैं इसलिए स्त्री हैं।

भाष्यकार के मत में **'गुणानां स्तयानं स्त्री'** अर्थात् शब्द स्पर्श, रूप, रस एवं गंध इस सबकी खान है स्त्री।

स्त्री अबला रमणी, कान्ता, प्रमदा, वामा, तरुणी, दुहिता, माता, कन्या, बाला, सुता, वधु, शक्ति, देवी एवं जननी इत्यादि शब्द नारी शब्द के ही पर्याय हैं । जो इसके वैशिष्ठ्य को बतलाते हैं।

ऋग्वेद विश्व के पुस्तकालय का ईश्वर प्रदत्त प्रथम एवं श्रेष्ठ रत्न है अतः वैदिक वाङ्मय में नारी की स्थिति को सम्यक एवं यथारूप में जानने के लिए प्रथम तथा इसी पवित्र ग्रन्थ का अध्ययन अति आवश्यक है। उसी के अनुशीलन के साक्ष्यों के आधार पर तत्कालीन नारी की स्थिति का परिचय सही रूप में परिलक्षित किया जा सकता है। प्राचीन काल से ही भारतीय सभ्यता तथा संस्कृति नारी का महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है। वेदों में वर्णित समाज में स्त्री पुरुष में किसी भी प्रकार के विभेद का उल्लेख प्राप्त नहीं है। अनेक वैदिक ग्रन्थों से वेदों मे भावात्मक दृष्टि से भी नारी का समान रूप से आदर का भाव दृष्टिगोचर होता है। वैदिक ऋषियों ने नारी शिक्षा के समान रूप से महत्त्व के साथ-साथ नारी के लिए सभी अन्य क्षेत्रों में भी समानता के अधिकार की बात कही गई है। नारी की शिक्षा, धर्म विवाह राजनीति एवं अन्य सामाजिक कार्यों में भी भाग लेने की पूर्ण स्वतंत्रता की परिचर्चा वेदों में कही गई है। जिसके कतिपय उदाहरण निम्नवत हैं-

**१. अध्ययन- अध्यापन में समान अधिकार-**

**'देवा एतस्याम वदन्त पूर्वे सप्तऋषयस्तपसे ये निषेदुः ।'**

**'भीमा जाया ब्रह्मस्यो पनीता दुर्धा दधाति परमे व्योमन् ॥'** (ऋग्यवेद १०/१०९/४१)

**ब्रह्मचर्येण कन्या युवानं विन्दते पतिम्** (अथर्ववेद ११/५/१८)

**अहं के तुरहं मूर्धाहमुग्रा विवाचनी** (ऋग्वेद १० /१५९/ २)

अर्थात् ब्रह्मचर्य का सुक्त एवं ऋग्वेद में स्पष्ट उल्लेख है कि कन्या ब्रह्मचर्य का पालन करके ही विवाह करे और ज्ञानवती एवं शत्रूनाशिका हो। वैदिक काल में गार्गी, मैत्रेयी, लीलावती, आत्रेयी एवं अनुसूया सदृश नारियों का अस्तित्व इस बात का पर्याप्त प्रमाण है कि इस काल में नारियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने का पूर्ण अधिकार प्राप्त था।

**२. विवाह की स्वतन्त्रता-**

युवतयो युवानं मर्मृज्यमानाः परि यन्त्यापः (ऋ० २/३५/४) जैसे नदियाँ स्वयं समुद्र को प्राप्त होती हैं, उसी प्रकार कन्याएं भी युवक का वरण करती हैं ।

**३. श्रवण एवं वाचन का अधिकार-**

गुहा चरन्ती मनुषो न योषा सभावती विदध्येव सं वाक् (ऋ० १/१६७/३) आ विदथमा वदासि (अर्थ०१४/१/२०) अर्थात् स्त्री स्वयं रथ का चयन कर उस पर आरोहण होकर संस्थाओं में श्रोत्री एवं वक्त्री के रूप में स्वतंत्र तथा अधिकारिणी है।

**४. राजनीति में सामान अधिकार-**

राजा के सामान नारियाँ भी राजकार्य में सहभागिता की बात वेदों में प्राप्त होती है (युजू० १३/१८) न्याय व्यवस्था में भी वह सामान रूप से भाग ले सकती हैं ।(युजू० १३/७)

यजुर्वेद के सोलहवें अध्याय के चवालीसवें मन्त्र में स्पष्ट रूप से लिखा है कि शूरवीर स्त्रियों की भी सेना होनी चाहिए और उन्हें भी युद्ध करना चाहिये। (युजू० १६ / ४४ ) मा करत्रबला अस्य सेना अर्थात् स्त्रियों की सेना का उल्लेख प्राप्त होता है। (ऋ० ५/१०/९)।

याज्ञवल्क्य स्मृति में प्रतिपादित वर्ण्य विषयों पर हम एक दृष्टि डाले तो वहाँ यही प्रतीत होता है कि धर्मशास्त्रकार के चिंतन का केंद्र बिंदु नारी ही रही है। नारी ने अपने सदाचार, त्याग, आचरण और निर्माण शक्ति से परिवार एवं समाज को प्रभावित कर सदा सन्मार्ग दिखलाया है। नारी सदैव मनुष्य के लिये पथ-प्रदर्शिका रही है। अत: समाज में सर्वदा नारी एक सम्मानित स्थान रहा है। हमारी संस्कृति इतनी विस्तृत एवं विश्व प्रसिद्ध होने के उपरान्त भी जब नारी उत्थान की बात चलती है तो अनायास ही मस्तिष्क में प्रश्न उभरता है कि सृष्टि के प्रारम्भिक काल में भी नारी को समाज में उच्च स्थान प्राप्त था। तो क्या कभी नारी की स्थिति अत्यंत दयनीय भी रही होगी। वास्तविकता यह है कि समय एवं परिस्थितियों में परिवर्तन के साथ-साथ सामाजिक मूल्यों में भी अंतर आता है, एक समाज में किसी व्यक्ति विशेष को उच्च स्थान प्राप्त होता है, वहीं दूसरे परिवेश में वही व्यक्ति निम्न स्थान को भी प्राप्त हो सकता है, यही स्थिति नारी की भी हुई है।

**महिला सशक्तिकरण क्या है ?**

महिला सशक्तिकरण को बेहद सरल शब्दों में परिभाषित किया जा सकता है कि इससे महिलाएँ शक्तिशाली बनती है जिससे वह अपने जीवन से जुड़े हर फैसले स्वयं ले सकती है। समाज में उनके वास्तविक अधिकार एवं स्वाभिमान को प्राप्त करने के लिए उन्हें सक्षम बनाना ही महिला सशक्तिकरण कहलाता है।

**भारत में महिला सशक्तिकरण की आवश्यकता क्यों ?**

महिला सशक्तिकरण की जरूरत इसलिए पड़ी क्योंकि एक लंबे समय से भारत में लैंगिक असमानता और समाज में पुरुष की प्रधानता रहती आयी है। महिलाओं को उनके प्रति की गयी विविध प्रकार की हिंसा एवं भेदभाव जैसे सती प्रथा, नगर वधू व्यवस्था, दहेज प्रथा, यौन हिंसा, घरेलू हिंसा, गर्भ में बच्चियों की हत्या, पर्दा प्रथा, कार्य स्थल पर यौन शोषण, बाल मजदूरी, बाल विवाह तथा देवदासी प्रथा आदि कुपरम्परायें हैं। ऐसा केवल भारत में ही नहीं बल्कि अन्य देशों में भी प्रत्यक्ष होता है। भेद-भाव पूर्ण रीतियों के साथ इस तरह की कुप्रथाओं के कारण पितृ सत्तात्मक समाज और पुरुष प्रधान मानसिकता है। लैंगिक भेद-भाव राष्ट्र में सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक अंतर ले आता है, जो देश की पीछे की ओर धकेलता है ।

**सशक्तिकरण के उपाय-**

महिलाओं को सशक्त बनाने के सबसे पहले समाज में उनके अधिकारों और मूल्यों को मारने वाली उपरोक्त सभी राक्षसी विचारधाराओं को मारना अति आवश्यक है। महिलाओं के उत्थान के लिए एक स्वस्थ परिवार की जरूरत है, जो राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। आज भी कई पिछड़े क्षेत्रों में

माता–पिता की अशिक्षा असुरक्षा और गरीबी की वजह से कम उम्र में विवाह और बच्चे पैदा करने का प्रचलन है हालांकि ऐसे बड़े विषयों को सुलझाने के लिए महिलाओं सहित लगातार सभी के सहयोग की जरूरत कानूनी अधिकार के साथ महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए संसद द्वारा अधिनियम पास किए गए हैं जो निम्न प्रकार हैं–,

१. अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम १९५६ ।

२. दहेज अधिनियम– १९६१।

३. एक समान पारिश्रमिक एक्ट १९७६।

४. मेडिकल टर्मेशन ऑफ प्रेगेंसी एक्ट १९८७।

५. लिंग परीक्षण तकनीक (नियंत्रण और गलत इस्तेमाल के रोकथाम एक्ट १९९४)।

६. कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ अधिनियम १९९४।

७. बाल विवाह रोकथाम एक्ट २००६।

८. कार्यस्थल पर महिलाओं यौन शोषण एक्ट, २०१३ ।

९. मातृत्व सम्बन्धी लाभ हेतु अधिकार २०१६।

१०. संपत्ति का अधिकार।

११. पति की संपत्ति से जुड़े अधिकार।

१२. घरेलू हिंसा के खिलाफ अधिकार।

१३. यौन उत्पीडन मामलों में नाम न छपाने का अधिकार ।

१४. पति–पत्नी सम्बन्धी अधिकार ।

**ग्रामीण स्तर पर नारी सशक्तिकरण–**

हम खुद को मॉडर्न कहते हैं, लेकिन सच यह है कि मॉडर्नाइजेशन सिर्फ हमारे पहनावे में आया है लेकिन विचारों से हमारा समाज आज भी पिछड़ा हुआ है। नई पीढ़ी की महिलाएं तो स्वयं तो पुरुषों से बेहतर साबित करने का एक भी मौका गंवाना नहीं चाहती, लेकिन गांव और शहर की इस दूरी को मिटाना जरूरी है। यहां महिलाओं की उपर्युक्त कानून बनाकर काफी शक्तियां दी गई है। लेकिन जमीनी स्तर पर अभी भी बहुत काम करने की आवश्यकता है।

**भारत में महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार की भूमिका–**

महिला सशक्तिकरण के लिए बाल विकास कल्याण मंत्रालय और भारत सरकार द्वारा भारतीय महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, इन्हीं में कुछ मुख्य योजनाओं के विषय में नीचे बताया गया है–

१. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस ८ मार्च १९१४।
२. स्पोर्ट टू ट्रेंनिंग एंड एम्प्लॉयमेंट फॉर वूमेन स् एप (१९८६-८७)।
३. सुधार गृह योजना २००१-०२।
४. महिला हेल्प लाइन योजना (१५ नवम्बर २०१२) उ०प्र०।
५. निर्भया योजना २०१३।
६. बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना (२२ जनवरी २०१५)।
७. वन स्टाप योजना (१ अप्रैल २०१५)।
८. महिला ई-हाट (७ मार्च २०१६)।
९. उज्ज्वला योजना (१ मई २०१६)।
१०. नंदा गौरा योजना (१५ जून २०१७ उत्तरखण्ड)।
११. महिला शक्ति केंद्र योजना (२०१७-१८ )।
१२. सुकन्या समृद्धि योजना (१ जनवरी २०१९)।
१३. दीनदयाल स्पर्श योजना (छात्रवृत्ति ) (२०१९)।
१४. कार्य महिला छात्रावास योजना।
१५. पंचायती राज योजनाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण।
१६. अस्मिता योजना।

**निष्कर्ष**-

आज देश में महिलाओं के हक में तमाम कानून दिखाई देते हैं, लेकिन इन कानूनों के बावजूद महिलाओं की स्थितियों में बहुत सुधार कहीं दिखाई नहीं देता। वे कौन सी समस्याएं हैं? जो महिलाओं को उनका समुचित हक और इंसाफ दिलाने में बाधाएं उत्पन्न करती हैं? क्या हमारे देश के कानून की संरचना में ही कुछ खामियाँ हैं, जो महिलाओं को उनका हक नहीं मिल पाता? सिर्फ कानून बनाने से काम नहीं चलेगा, सम्पूर्ण समाज को जागृत करना होगा, तभी नारी के स्वाभिमान और सम्मान की रक्षा हो पाएगी। इसके लिए जरूरत है चेतना की जागरूकता की, आत्मविश्वास की। और इन सब का निदान है- नारी शिक्षा।

स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि जब तक महिलाओं की स्थिति में सुधार नहीं होगा तब तक विश्व का कल्याण नहीं हो सकता। किसी भी पक्षी के लिए एक पंख से उड़ना संभव नहीं है। आइये, हम कन्याओं के जन्म पर खुशियाँ मनाएं। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि बेटी के जन्म पर पांच पौधे लगाकर खुशियां मनाएं। हमें समाज में ही नहीं, बल्कि परिवार के भीतर भी महिलाओं और पुरुषों के बीच भेदभाव को समाप्त करना होगा एवं उनको खुद से जुड़े फैसले लेने की स्वतंत्रता देनी होगी। सही मायने में हम तभी नारी सशक्तिकरण को सार्थक कर सकते हैं।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची-**

१.जिज्ञासु, ब्रह्मदत्त (सम्पादक) २०१० अष्टाध्यायी सूत्रपाठ, श्री रामलाल कपूर ट्रस्ट सोनीपत।

२. जिज्ञासु, ब्रह्मदत्त (सम्पा) सं० २०५० धातूपाठ, श्री रामलाल कपूर ट्रस्ट सोनीपत।

३. देवव्रत (सम्पादक) १९६२ व्याकरण महाभाष्यम (भाग ५) हरियाणा साहित्य संस्थान गुरुकुल झज्झर रोहतक।

४. मिश्र मंण्डन, २००९ कृष्ण यजुर्वेद तैत्तिरीय संहिता, श्री लाल बहादुर राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, दिल्ली ।

५. योगी सत्य भूषण (सम्पादक)१९६६ मनुस्मृति मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली ।

६. शर्मा, मुकुंद, २००८ निरुक्त (विव्रन्ति व्याख्या) चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान, दिल्ली।

७. शर्मा डॉ.गंगा सहाय (सम्पादक) 2015, अथर्ववेद संस्कृत साहित्य प्रकाशन, नई दिल्ली।

८. शर्मा डॉ.गंगा सहाय (सम्पादक) २०१६, ऋग्वेद संस्कृत साहित्य प्रकाशन, नई दिल्ली।

९. सरस्वती, स्वामी जगदीश्वरानंद (सम्पादक) २००४ यजुर्वेद, विजय कुमार हसानंद

**-असि० प्रोफेसर संस्कृत विभाग,**
**श्री रतन सिंह मेमो० पी० जी० महाविद्यालय,**
**पुवायाँ, शाहजहाँपुर-उ०प्र०**

# प्राचीन वैदिक साहित्य में पर्यावरण परिशीलन
# प्राकृतिक पर्यावरण संरक्षण

Environment awareness in Ancient Vedic Sanskrit Literature

**-प्रो० धर्मेन्द्र कुमार**

पर्यावरण का अर्थ है-चारों ओर से आवरण। परितः आव्रियन्ते आच्छाद्यन्ते जलादीनि पञ्चतत्त्वानि सामाजिक नैतिक विचारा वा यस्मिन् तत् पर्यावरणम्। अर्थात् जिसमें चारों ओर से आकाश जल वायु आदि पंचमहाभूत अथवा सामाजिक नैतिक आदि विषयों से सम्बन्धित विचार आवृत रहते हैं उसे पर्यावरण कहते हैं। ब्रह्माण्ड की तरह हमारे शरीर की सृष्टि पञ्चमहाभूतों के संतुलन से हुई है। अतएव कहा गया है यथा पिंडे तथा ब्रह्माण्डे। ये पंच महाभूत प्रकृति में व्याप्त हैं। पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए प्रकृति एवं मानव के बीच संतुलन आवश्यक है।

पर्यावरण की शुद्धता जीवन दायिनि शक्ति है। पर्यावरण में शुद्ध होने पर रोगी स्वस्थ हो जाते हैं, और पर्यावरण अशुद्ध होने पर स्वस्थ प्राणी भी रोगी हो जाता है।

भारत में वैदिक काल से ही पर्यावरण को जीवन में एक अविभाज्य अंग के रूप में स्वीकार किया गया है। प्राकृतिक पर्यावण के अतिरिक्त मानसिक विचार, अध्यात्म संस्कृति एवं समाज को भी पर्यावरण का अंग माना गया है। मानव के अंतः करण चतुष्टय (मन, बुद्धि, चिन्त एवं अहंकार) के निष्काम तथा निर्मल होने पर ही प्राकृतिक एवं सामाजिक पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सकता है।

पर्यावण प्रदूषण के विभन्नि आयाम हैं।

१. **वनविनाश**- मनुष्य ने अपने तात्कालिक लाभ के लिए वनविनाश करते हुए वनस्पति एवं वृक्षों के पर्यावरणीय प्रभावों को विस्मृत कर दिया। वनविनाश के फलस्वरूप पृथ्वी तापमान नियमन जलचक्रीकरण मृदा संरक्षण, ऑक्सीजन-कार्बन-डाय-ऑक्साईड संतुलन बाढ़, नियन्त्रण की साधन भूत वनस्पतियां छिन्न-भिन्न हो गयीं। समग्र जलवायुचक्र अनियमित हो गया। असंख्य दुर्लभ जीवन उपयोगी जड़ी बूटियां लुप्त हो गयीं वन्य जीवों का प्राकृतिक वास स्थानं नष्ट होने से वे भी नष्ट पाप हो गये।

२. **वायुप्रदूषण**- कोयला, तेल या अन्य ईंधन के जलने से निकलने वाला धुआं, पेट्रोल-डीजल जलने से उत्पन्न गैसें वायु प्रदुषण के मुख्य कारण हैं। वायु प्रदूषण से पूरा परिमंडल दुष्प्रभावित होता है। वायु में कार्बन डायऑकसाईड की बढ़ती मात्रा के कारण पृथ्वी के तापमान में वृद्धि, जलवायु में विश्व व्यापी परिवर्तन, हिमावरण पिघलने से समुद्र के जलस्तर में वृद्धि, समुद्रतटीय क्षेत्रों और छोटे द्वीपों के जलमग्न होने की आशंका से आप विश्व में वैज्ञानिक चिंतित हैं।

३. **जलप्रदूषण** - उद्योगों से जल में छोड़े गये अवशिष्ट पदार्थ। विद्युत-उत्पादन केन्द्रों में शीतलन के लिए जल का प्रयोग करके गरम हुए जल को फिर से नदी में छोड़ दिया जाता है इस ऊष्मीय प्रदूषण से जल जीवन दूष्प्रभावित होता है।

४. **भूमि प्रदूषण**– भूमि का अत्यधिक संदोहन किया जाता है। रसायनिक उर्वरकों से लवणीयता में आनवश्यक वृद्धि होती है। कीटनाशक प्रदार्थ बहुमूल्य मृर्दा जीवों को भी नष्ट कर देते हैं। भूगर्भीय खनीज कोयला आदि निकालने भवन निमार्ण के लिए उपयोगी पत्थर और ईटों के लिए मिट्टी प्राप्त करने के उद्देश्य से अंधाधुंध उत्खनन के कारण भूमि की उपरी ऊपजाऊ परत नष्ट हो जाती है।

५. **ध्वनि प्रदूषण**– तीव्रगामी यातायात साधनों के आकाशव्यापी शोर, मशीनों की आवाज, ध्वनि विस्तारक यंत्र इत्यादि स्रोतों से पर्यावरण में कोलाहल की मात्रा असहनीय सीमा तक पहुँच जाने पर ध्वनि प्रदूषण (Noise pollution) का रूप ले लेती है।

**वैदिक साहित्य में पर्यावरण संरक्षण**

**जलसंरक्षण**– पर्यावरण की शुद्धि के लिए जल अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है जल को जीवन का पर्याय माना गया है। ऋग्वेदों में कहा है कि शुद्ध जल में अमृत एवं औषधी का निवास रहता है।

**अप्सु अन्तरमृतमप्तु भेषजम्।**[१] हमारे लिए शुद्ध जल प्रभावित हो–**शुद्धा न आपस्तन्वे क्षरन्तु।**[२]
ऋग्वेदों में कहा है जल हमारी माताओं के सामान है, वे हमें पवित्र करें और उससे जीवित होकर मनुष्य गतिशील उद्यमी हा जाता है– **आपो अस्मान् मन्तरः शुन्धयन्तु शुचिरा पूत एभि।**[३]

अथर्ववेद में ८ प्रकार के जलों का वर्णन है।

**शं त आपो हैमवती............शमु ते सन्तु वर्स्या। शं त आपो धन्यवन्या...... कुम्भेभिराभृता।।**[४]

१. हैमवती–हिमालय पर बर्फ के रूप में
२. उत्स्याः– स्रोतों के रूप में
३. सनिष्यदाः– सदा बहने वाले
४. वर्ष्याः– बरसने वाले
५. धन्वन्याः– मरूस्थल में
६. अनूप्या :– जलाशय में रहने वाले
७. खनित्रियाः– भूमि खोदकर प्राप्त सोने वाले
८. कुम्म्भेभिरा भृताः– घड़े में रखकर रखें।

शुद्ध जल लम्बी आयु और स्वास्थ्य प्रदान करता है। जल में औषधियों के गुण और धर्म हैं। आपश्यच विश्व भेषजी।[५]

जल के औषधीरूप का वर्णन–

**आपो इद्वा उभेषजीरापो अमीवचातनीः ।**
**आपः सर्वस्य भेषजीस्तास्ते कृण्वन्तु भेषजम्।।**[६]

नदियों से जल सूर्य किरणों द्वारा सूर्य के सम्मुख जाता है। वही जल सूर्य की किरणों से छनकर मेघरूप में पृथिवी पर बरसता है सूर्य जल को पवित्र करता है और इस प्रकार शुद्ध जल यज्ञ और दूसरे उत्तम कार्यो को सिद्ध कर हमारी उन्नति में सहायक होता है–

१. ऋ. १.२३.१९
२. अथर्व १२.१.३०
३. ऋ. १०.१७.१०
४. ऋ. १.२३.१९
५. अथर्व १२.१.३०
६. ऋ. १०.१७.१०

नदियों से जल सूर्य किरणों द्वारा सूर्य के सम्मुख जाता है। वही जल सूर्य की किरणों से छनकर मेघरूप में पृथिवी पर बरसता है सूर्य जल को पवित्र करता है और इस प्रकार शुद्ध जल यज्ञ और दूसरे उत्तम कार्यों को सिद्ध कर हमारी उन्नति में सहायक होता है-

**अमूर्या उप सूर्ये या भिर्वा सूर्यः सह।ता नो हिन्वन्त्यध्वरम्॥**

हिम पर्वतों पर ये जलधाराएं नदियों, झरने आदि के रूप में बहती हैं और ये दिव्य जल धाराएं अन्ततः समुद्र में मिलती हैं इनका उपयोग हृदय की जलन की औषधि (अर्थात् हृदय रोग में) के रूप में किया जाता है।

**हिमवतः प्र स्रवन्ति सिन्धौ सगह संगमः।**
**आपो ह मह्यं तद्देवीर्ददन् हृद्योत भेषजम्॥**[८]

जल में मल मूत्र का त्याग कदापि नहीं करना चाहिए। क्योंकि इसीसे सभी प्राणी अपनी प्यास बुझाते हैं स्नानदि क्रियाएं करते हैं। एतत् विषयक यह आरण्यक ग्रन्थ का वचन ध्यान देने योग्य है- **नाप्सु मूत्रपुरीषं कुर्यात् ।**[९]

गन्दे पदार्थों से जलस्रोतों को बचाना जल संरक्षण का मूलभूत सिद्धान्त है।

**वायु-संरक्षण** - वृक्ष जीवनदायक एवं स्वास्थ्यप्रद वायु ऑक्सीजन छोड़ते हैं तथा जीवन के लिए हानिकारक वायु को ग्रहण कर लेते हैं। वृक्षों वनस्पतियों के इस महत्त्व को ध्यान में रखते हुए वेदमंत्रों में उनके सुरक्षा हेतु कामनायें की गयी हैं। वायु के शुद्धिकरण एवं पर्यावरण के बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए वृक्षों का संवर्धन एवं संरक्षण अत्यन्त आवश्यक है-

**नमो वृक्षेभ्यः।**[१०]
**वनानां पतये नमः**[११]
**ओषधीनां पतये नमः**[१२]
**नमो वन्याय च।**[१३]
**मधुमान्नो वनस्पतिः।**[१४]
**औषधियः शान्तिः**[१५]
**वनस्पतयः शान्तिः**

औषधि सूक्त में शरीर के लगभग सभी मर्मस्थलों में प्रयुक्त होने वाली १०७ औषधियों के नामों का उल्लेख है। [१६]

यजुर्वेद में प्रार्थना की गयी है कि किसी भी परिस्थिति में पृथिवि पर उगने वाली वनस्पतियों की जड़ों को नष्ट नहीं करें।

**पृथिवि देवयजनी ओषध्यास्ते मूलं या हिंसिषं** अपने इंधन के लिए हरे पेड़ों से काटना महा उपपातक है अत एव वृक्षों का संरक्षण आवश्यक है-

**इन्धनार्थमशुष्कानां द्रुमाणामवपातनम्**[१७]

७. अथ १.४.२
८. अथ ६.२४.१
९. ते आ. १.२७.७
१०. यजु. १६.१७
११. यजु. १६.१८
१२. यजु. १६.१९
१३. यजु. १६.३५
१४. यजु. १.१०.८
१५. यजु. ३६.१.७
१६. यजु. १.२५
१७. यजु. ११.६४

अथर्ववेद के अनुसार जल वायु औषधियों से तीनों सृष्टि के आदिकाल से ही संसार में स्थापित हैं-

त्रीणि च्छन्दांसि कवयोवियेतिरे.........

आपो वाता औषधियः........अर्पितानि।।[१८]

आप पास के वातावरण और वायु को शुद्ध रखने के लिए हर व्याक्ति अपने घरों के आने-जाने के मार्ग पर दूब घास उगाये और कमलों वाला मनोहारी तालाब भी-आयने ते परायणे दूर्वा रोहन्तु पुस्थ्पिणीः।[१९]

**४. भूमिसंरक्षण**- प्रदूषण निवारण तथ पर्यावरण की सुरक्षा के लिए सर्वाधिक उपयोगी वृक्षों वनस्पतियों एवं औषधियों उत्पन्न करने वाली पृथिवी ही है। इसलिए इन औषधियों की माता कहा गया है-

**विश्वस्वं मातरमोषधीनाम्।**[२०]

पृथिवी को दृढ करें हिंसित न करें

**पृथिवीं दृंह प्रथिवीं मा हिंसीः।**[२१]

वस्तुतः रासायनिक खादों के अत्याधिक प्रयोग द्वारा भूमि की उर्वरा शक्ति को नष्ट करना कीटनाशक दवाओं का अनुचित प्रयोग उद्योग धंधों के ठोस एवं जलीय दूषित पदार्थो की भूमि में निकासी मल मूत्र कूड़ा -करकट आदि के अनियंत्रित विसर्जन में पृथिवी को दूषित करना ही पृथिवी की हिंसा है।

माता भुमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः जिस भूमि पर फल, फूल आदि से हमारा उपकार करने के लिए विविध वृक्ष एवं वनस्पतियां उत्पन्न होते हैं और दृढ़ता से स्थिर होकर रहते हैं वह भूमि हमारे लिये सदा वन्दनीय और प्रशंसनीय है। जो भूमि हमारे पूर्वजों द्वारा सुरक्षित रखी गयी है। हम भी उसको सावधानी पूर्वक सुरक्षित रखें।

यस्यां वृक्षा वानस्पत्या ध्रुवास्तिष्ठन्ति विश्वहा

पृथिवीं विश्वधाया धृतामच्छसंवदामसि।

इस प्रकार भूमि से ही मानो हम जीवन पाते हैं। जीवन के लिए जो जो पदार्थ अन्न धान्य फल फूल फल फूल इनकी जरूरत होती है सब पृथिवी माता की कृपा से ही हमें प्राप्त होती हैं।

उपस्थास्ते अनमीवा अयक्ष्मा ... वयं तुभ्यं बलिहृतः स्याम।।[२३]

**५. ध्वनि प्रदूषण से संरक्षण** - ध्वनि प्रदूषण के कारण मानवीय चेतना तथा क्रिया कलापों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इससे मस्तिष्क की सोच-विचार की क्षमता कम हो जाती है तथा बुद्धि में जड़ता की वृद्धि की होती है।

मनुष्य के बौधिक और वैचारिक विकास में निवास स्थान और वातावरण की शांति का अद्‌भुत प्रभाव पड़ता है।

वैदिक ऋषि पर्यावरण में ध्वनि प्रदूषण को नियम्मित रखने के लिए सजग थे। आपसी वार्तालाप में मधुरता एवं सौहार्द की महता होनी चाहिए।

**भद्रं कर्णे कि शृणुमाम देवा।**[२४]

हम कानों से कल्याणकारी वाणी सुनें। चीत्कार शोर कटुवाणी न सुने जिससे हमारा मानसिक संतुलन बिगड़ जाए।

---

१८. अथ १८.१.१७
१९. अथ ६.१०७.१
२०. अथ १२.१.१७
२१. यजु. १३.१८
२२. अथ १२.१.२७
२३. अथ १२.१.६२
२४. यजु. २५.२१

शीतल शांत पवित्र स्थान में अध्ययन मनन आदि साधनाओं के द्वारा व्यक्ति अपनी बुद्धि की तीक्ष्ण को बढ़ा सकता है

**उप ह्वरे गिरीणां संगमे च नदीनाम्।**[२५]

**६. वेदों में अग्नि और पर्यावरण–** वेद में अग्नि को पर्यावरण शोधन के एक प्रमुख कारण के रूप में बताया गया है। यज्ञ की प्रक्रिया अनुसार अग्नि में घी, हवन सामग्री एवं अन्य पदार्थ आहुति के रूप में डाले जाते हैं, वे सभी वायु, जल, पृथिवी एवं समस्त वातावरण की शुद्धि करने वाले हैं। हावियों द्वारा वायुमंडल की शुद्ध करने की प्रेरणा दी गयी है। **आ जुहोता हविषा मर्जयध्वम्।**[२६]

अथर्ववेद में कहा गया है कि अग्नि में दी आहुति वायुमंडल के रोगाणुओं को उसी प्रकार दूर कर देती है। जिस प्रकार नदी झाग फेन को। **इदं हविर्यातुधानान् नदी फेनमिवा वहत्।**[२७]

वैद्य रोगी को संबोधित कर कहता है कि मैं यज्ञ में दी हुई आहुति द्वारा अज्ञात रोग से राजयक्ष्मा रोग तक से तुम्हें छुड़ाता हूँ–

**मुंचामि त्वा हविषा जीवनाय....... राजयक्ष्मात्।**[२८] जिसे गुगुल औषधि की गंध प्राप्त होती है उसे यक्ष्मा आदि रोग पीड़ित नहीं करते।

न तं यक्ष्मा अरुन्धते..........ये भेषजस्य गुल्गुलो सुरभिर्गन्धो अश्नुते।[२९]

अग्निहोम के उपादानों में (घी) प्रमुख द्रव्य है जो विषनाशक है। घी को सर्पि भी कहते हैं जिसका अर्थ सर्पणशील अथवा गतिशील है। जिस प्रकार सर्प वातावरण से समस्त विष को अपने में समा लेता हैं, उसी प्रकार घी भी विषनाशक है। इसलिए वैदिक ऋषि कहता है घी से द्युलोक एवं पृथिवीलोक को भर दो–

घृतेन द्यावापृथिवी पूर्येधाम्।[३०]

एक मंत्र में कहा गया है कि तुम यज्ञ करो जिससे वनस्पतियों हावि को ग्रहण कर सकें।

देवो वनस्पतिर्जुषतां हविर्होतर्यज्।[३१]

वृक्ष एवं वनस्पतियों की जड़ो, शाखाओं, फलों व औघधियों पर होने वाले अग्निहोम के प्रभाव में भी वैदिक ऋषि परिचित थे इसलिए उन्होंने मंत्रों में पृथक् २ आहुतियां देने का विधान किया है–

**मूलेभ्यः स्वाहा शाखाभ्य स्वााहा वनस्पयिभ्य स्वाहा.............. औषधीभ्य स्वाहा**[३२]

इस प्रकार अग्निहोम पर्यावरण को अनुकूल बनाने में सर्वाधिक सहायक पेड़–पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए अत्यन्त उपयोगी है, जिसमें घी एवं हवन सामग्री की आहुति विश्व कल्याण की उदात्त भावना से युक्त होकर वेदमंत्रों का उच्चारण करते हुए स्वाहा कहकर दी जाती है। अग्निहोम के समय वेद मंत्रों का सस्वर गायन होता है जो ध्वनि प्रदूषण को कम कर वातावरण को सौम्य शांत एवं आह्लादकारक बनाता है।

**७. नदी पर्वत सूर्य एवं बादल द्वारा पर्यावरण शोधन–** वायु सूर्य एवं मेघों द्वारा पर्यावरण का शोधन करवाना ही

इनका शुभदायक होना है। सूर्य अपनी किरणों से सारी गंदगी को सुखा देता है। बादल पानी बरसाकर धरती एवं आकाश को तथा पेड़ पौधों के पत्तों को धो देता है इस प्रकार प्राकृतिक शक्तियां प्रदूषण–निवारण एवं पर्यावरण शोधन में तत्पर रहती हैं।

२५. यजु. २६.१५ २८. अथ ३.११.१ ३०. यजु. ५.२५
२६. साम १.७.१ २९. यजु. २९.३८.१ ३१. यजु. २१.४६

**शन्नो वातः पवतां शन्नस्पतु सूर्यः।**
**शन्नः कनिक्रदद्देव पर्जन्योऽ अभिवर्षतु।**[३३]

**मानसिक पर्यावरण एवं चरित्र शुद्धि**

यदि केवल भौतिक अथवा प्राकृतिक वातावरण शुद्ध हो जाए और मानव मन में ईर्ष्या राग द्वेष एवं प्रतिशोध की अग्नि जलती रहे, मनुष्य या आचार-विचार एवं परस्प व्यवहार दूषित बना रहे तो एक सुखी संसार की कल्पना नहीं किय जा सकती ।

समाज में सौ सौहार्दमय वातारवरण के निर्माण के लिए व्यक्यिों के मन में सदविचार एवं शुभ संकल्पों का होना अनिवार्य है। अतः प्रार्थना की गई है- **तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु।**[३४]

अर्थात् हमारा मन कल्याणकारी एवं उत्तम विचारों वाला हो। सद्बुद्धि सुख एवं सम्पदाओं की आधारशिला वहीं दुर्बुद्धि समस्त अनर्थों की जननी है। इसलिए यजुर्वेद में दुर्मति को दूर करने की प्रार्थना की गयी है-

**दुर्मतिं जहि।**[३५]

इस प्रकार संक्षेपतः कहा जा सकता है कि वैदिक साहित्य में पर्यावरण -संरक्षण पर पर्याप्त विचार किया गया है। वैदिक ऋषि इस तथ्य से पूर्णतया अवगत थे कि प्रकृति प्रतिक्षण मानक के हित में संपादन में तत्पर है। अतः मानव को भी इसके शुद्ध स्वरूप को सुरक्षित रखना चाहिए। मानव एवं प्रकृति के संतुलन के प्रति वे पूर्णतः सजग थे। वैदिक साहित्य में पर्यावरण की शुद्धि के लिए जल, वायु, भूमि, वृक्ष, वनस्पति आदि प्राकृतिक तत्त्वों को अत्यन्त आदर भाव से माता पिता के समान कहा गया है। प्राकृतिक पर्यावरण के साथ ही वैदिक ऋषियों ने मानसिक या बौधिक पर्यावरण की शुद्धि के लिए पर्याप्त संदेश दिया है।

प्रकृति में पर्यावारण शोधन की स्वाभाविक प्रक्रिया विद्यमान है। नदी, पर्वत, सूर्य एवं बादल आदि प्राकृतिक शक्तियां किसी न किसी रूप में प्रदूषण दूर करने में लगी हैं।

प्राचीन वैदिक संस्कृत ग्रन्थों एवं आधुनिक पर्यावरणविदों के पर्यावरण-विषयक अवधारणाओं का तुलनात्मक विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि प्राचीन ग्रंथ पर्यावरण के वाह्य (प्राकृतिक) एवं आंतरिक (मानसिक) दोनों रूपों को मानव जीवन का अभिन्न अंग मानते हैं। मानव एवं प्रकृति के बीच अभिन्न सम्बन्ध एवं बाहय संतुलन ही व्यवस्था की गयी है। प्राकृतिक पर्यावरण के अतिरिक्त मानसिक विचारों की शुद्धि अध्यात्म, संस्कृति एवं समाज को भी पर्यावरण का अंग माना गया है। मानव के अंतःकरण चतुष्टय मन बुद्धि चित एवं अहंकार के निष्काम एवं निर्मल होने पर ही प्राकृतिक पर्यावरण को स्वच्छ रखा जा सकता है।

**-आचार्य, संस्कृत विभाग,**
**खालसा महाविद्यालय**
**देव नगर, नई दिल्ली**

३२. यजु. २२.२५
३३. यजु. ३६.१०
३४. अथ ३.३०.१
३५. यजु ११.४७

# Rig-Veda emphasis on the message conveyed by the Frog

**-Kajol Kumari**
**M.Sc. Biotechnology (2019-21)**

The entire universe is carved by wisdom and knowledge and one can definitely not ignore the emergence of Vedas and its core knowledge that is spread across the whole world.

One cannot deny the fact that each and every bit of this universe is one of the components of Veda. One such great example is highlighted in this article which explains the importance of "Frogs" and the message they convey to the world. This is beautifully highlighted by "Rig-Veda".

The amphibia is of great value to science and research along with its contribution to ancient subjects like Vedas.

Here in this article the subject discussed here is merged with Rig-Veda, Science, ethical and moral values from individual point of view. One such example is "Frog hymn" about how it help detect the rain. According to universal superstition croaking of frog is a sign of rain. A shloka /mantra from the chapter "Manduk Sukt" of Rig- Veda, highlights the same. The word "Manduk" is a sanskrit derived word called as frog in layman's language .

***"sanvatsara shashyana brahmana vrtacharina,***
***vacham parjanya jivintam pra manduka avadishuh"***[1]

This sanskrit mantra is well explained by a sanskrit scholar **"Macdonell"**. He suggests "Frogs who are compared during the drought to heated kettles, and are described as raising their voices together at the commencement of the rains like the Brahmin pupil repeating lessons of their teacher."

When we merge the concept of ecology in this context it is much more related to "territorial behavior of animals." Frogs often exhibit territorial behavior to defend the boundaries of their territories using a variety of vocal calls. Combining the concept of ecology and Rig-Veda it is a clear message that the group of frog display a sign of strength, sign of unity.

1. Manduk Sukta, 7/103/1.

Similarly Brahmins, who whole heartedly dedicate themselves to Yagya i.e. Fire ceremony silently, now can vocalize their mantras in group, which sounds like a melodious song. The message portrayed here is "work hard in silence so that your success makes the noise."

Related to this **MacDonell** himself suggests "Practicing a vow of silence." If one knows to maintain and balance their five senses in discipline, one can easily achieve any goal/target in their life. Frog hymn compared to Brahmin pupil here is best example from Rig-Veda. Thus the frog hymn of Rig-Veda gives the glimpse of educational practices of early Vedic age.

Second characteristic that Veda brings into light is "Hibernation of frogs" that is related to rain charm theory. From an article of **Harold H Bender** as he publishes his content in on the "Naturalistic Background of the 'Frog-Hymn,' Rig-Veda 7/103." He suggests In America as in Europe and temperate latitudes in general frogs hibernate in winter, and in India aestivate during summer season. When a large number of individuals join in the performance, as is usually the case, the concert at the beginning of the rains is simply deafening and is audible miles away. Thus, in a very real sense, the croaking of the frog occurs in rainy season. Mantra quoted by saint Vashishtha in Rig-Veda also suggests the same.

***'Divya aapah abhi yadenama***
***Yandritim na shushakam sarasi shayaanam,***
***Gawamah na mayurvatsninam***
***Mandukanam vagnuratra sameti*** ॥ '[2]

Mantra hints the fact that when a group of frog who aestivate in the summer, with their dry skin comes in contact with the water produced in the space, they suddenly make vocal calls as if expressing their happiness. They burst out in music in the manner of concert. This expression of vocal calls is compared to the sound cows make when they meet their calf after a long time. This is a solid evidence to prove that Vedic literature contains various aspects of monsoon culture.

**Science states**

Frogs hibernate when temperatures drop below freezing. This allows them to

2. Manduk Sukta, 7/103/2.

stay alive during these cold months when food is harder to come by, and external temperatures cause their body temperature to drop.

Merging the "Hibernation" concept of Rig-Veda and science they remark an important message to individuals. One can suitably adjust in an environment, or any kind of situation that arises in life, the phase is never permanent, after a period of hardship, a light of hope is always coming your way, similar to the rain that excites the frog which survived under hardships.

***'Devhitim jugupurdvadashasyam***
***Ritum naro n pra minantyete***
***Sanvatsare pravrishyagatayam tapta***
***Gharma ashnuvate visargam ॥'***"[3]

The Mantra given by Vashishth, signifies the role of frog, during rainy season, about how they keep the god's appointed order for twelve months and never neglect their order, or cross their lines before the rainy season. As suggested by L. Reno "The savants miss not the decisive date." They never disrespect divine orders. They rejoice their freedom only on monsoons and never before that, respecting the lord's decision.

The moral value it teaches "Nothing against God's will, whether it is humans or animals." He has certainly planned everything in his manner that no one has the power to defend.

From scientific point of view we can also infer that rainy season provides an optimum condition for frogs, it's moreover called their mating season.

The environment is perfect for them to breed, feed, mate and attract their partners. Science facts also suggest that life cycles of these frogs are also linked to water. From predators point of view it's best for the group of frogs to come out in rainy season as compared to summers, because the number of predators are less during the period.

It's so magnificent that how every science fact and subjects of ancient times match each other in concepts. Everything has logic and a strong concept behind them, every mantra is itself proved when we relate it to science. Also this concept of Vashishth in his mantra is of epic importance to people.

If we go into more realistic approach "Frogs" also act as "information

3. Manduk Sukta, 7/103/9.

technologists" or "weather scientist" for the farmers. They accordingly plan farming concluding the situation produced by frog says Rig-Veda. This means somewhere traditional methods helped farmers predict the weather and perform farming. Let us view about how science proves this fact? If this evident or not? A research article named "The link between weather and frog romances" published by Manu Moudgil clearly states the relation of weather and frog. Studies show that number of frog showing up on cloudy days can be three times more in comparison to the sunny days. The weather has also been related to maturity of female frogs. When an experiment was conducted at Karnatak University, Dharwad, it was found that high temperature and light exposure could boost the development of egg cells in ovaries of Rana cyanophlyctis, a species of frog spread across South Asia. This could be a major reason why science and Veda both believe frogs as weather predictors as we have true evidence about the same.

Second example, from an article by Katie Watson it was revealed that before weather forecast, farmers in Britain looked to a frog in a jar of water with a small branch for their weather predictions. Hence these evidences also suggest "Frogs are good bioindicators."

***"Anyo anyamanu gribhnatyeno-***
***Rapam prasarge yadmandishatam***
***Manduko yadbhivristhah kanishknprishnh***
***samprinkate hariten vacham."***[4]

This mantra given by Vashishth depicts the communication of two frogs that they make on the arrival of rain.

L. Reno explained it in a beautiful manner that each frog salutes the other, when both of them congratulate each other on water discharge. Similar concept is driven by one more mantra of saint Vashishth.

***"Yadeshamanyo anyasya vacham***
***Shaktasyaiv vadati shikshmanah***
***Sarvam tadesham samridhev parv***
***Yatsuvaacho vadthanadhyapsu"***[5]

4. Manduk Sukta, 7/103/4.

5. Manduk Sukta, 7/103/5.

The mantra compares the lessons repeated by students taught by their teacher to the sound that the group of frogs make.

L. Reno portrays it as the "Repetition of speech of the other as the pupil that of the teacher." The scientific evidence of the communication of frog is also discussed in behavioral ecology. This is called calling strategy. Acoustic communication is essential for the frog's survival in both territorial defense and in localization and attraction of mates. This can be also categorized under "social recognition".

Research on animal behavior, mostly in birds and mammals, indicates that other animals can also learn to recognize each other by their unique visual appearance and their individually distinct voices. This ability is known as social recognition.

Social recognition occurs in a number of different behavioral contexts, such as recognition between parent and offspring in a nest or colony, or between relatives or social group members. These evidences suggest that how important communication plays a role in every species, may be mammals or birds. It also helps discriminate between self and non self.

Concluding the role of frogs in Rig-Veda, it is of utmost significance to humankind. Unfortunately in India, tigers, elephants or peacock is mostly discussed but our ancient subjects highlights the importance of frogs too. They are considered as good omen in veda. They consider it as lucky-charm too. As in shlokas we discuss about its skin, it clearly indicates that their skin is sensitive to temperature, that's why they can predict seasonal changes much before humans can. The hibernation of a frog is like a meditation and we can learn that it is possible to reach out a state of awareness in one leap like a frog's meditation. The mating calls made by frogs also signify sign of fertile and prosperity. This amphibia which lives in both land and water has a great message for humankind. That no matter what the situation is one should be able to face each and everything that comes to them. The hymns discussed in article perfectly blended the croaking of frogs and yagya performed by Brahmins. Probably everything is linked, as at those times yagya were performed to please God to bestow rain for the villages. Along with Rig-Veda, scientific evidences also signify that the facts about the same are true.

**References:**

1. Mark A bee.- Voice recognition in frogs, 1987

2. Wikipedia - Behavioral ecology
3. Manu moudgal- The link between weather and frog romances
4. on the Naturalistic Background of the 'Frog-Hymn,' Rig-Veda 7. 103
Author(s): Harold H. Bender

**-Maithili Sadnam Bela,**
**Darbhanga, Bihar**

एक साहित्यिक त्रैमासिक पत्रिका

एवं

समकालीन साहित्य के रचनात्मक मूल्यांकन की जीवन्त प्रस्तुति

तथा

सम्पूर्ण देश के प्रसिद्ध साहित्य-साधकों के साथ-साथ नवोदित प्रतिभाओं

की सशक्त लेखनी की संयुक्त प्रस्तुति

# " संस्कृत मञ्जरी"

(आई.एस.एस.एन-2278-8360)

संस्कृत भाषा और साहित्य के प्रचार-प्रसार हेतु सतत प्रयत्नशील दिल्ली संस्कृत अकादमी, दिल्ली सरकार द्वारा प्रकाशित एक ऐसी सम्पूर्ण साहित्यिक पत्रिका जो सहज मानवीय संवदेनाओं, शोध-निबन्धों तथा उदात्त जीवन-मूल्यों का अनूठा संगम और प्रत्येक वर्ग के पाठक-समुदाय की अपेक्षा के अनुकूल पठनीय एवं संग्रहणीय है।

मूल्यः- एक प्रति रु. 25/- मात्र, वार्षिक सदस्यता शुल्क रु.100/- मात्र

सुरुचि सम्पन्न स्वस्थ सकारात्मक अभिव्यक्ति की संवाहिका

# " संस्कृत मञ्जरी"

**के स्थायी अध्येता बनें।**

आज ही अपना वार्षिक सदस्यता अन्तर्जाल माध्यम ( online ) से, मनिआर्डर अथवा दिल्ली में भुनाये जाने योग्य बैंक ड्राफ्ट दिल्ली संस्कृत अकादमी के नाम से भिजवाकर सदस्यता प्राप्त करें। शुल्क मल्टी सिटी चैक द्वारा भी स्वीकार्य होगा।

पत्र व्यवहार का पता --

सचिव/ सम्पादक, दिल्ली संस्कृत अकादमी, दिल्ली सरकार

प्लाट सं.-५ झण्डेवालान, करोलबाग, नई दिल्ली-११०००५

दूरभाष सं.- ०११-२३६३५५९२, २०९२०३६३

RNI No.
DELSAN/2002/8921

प्रकाशक एवं मुद्रक सचिव, दिल्ली संस्कृत अकादमी
के स्वामित्व में अकादमी के कार्यालय प्लाट सं.-५,
झण्डेवालान, करोलबाग, नई दिल्ली-११०००५
से प्रकाशित